वैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-296 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
24 अप्रैल 2025 गुरुवार

आज का मौसम
41 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

### पहलगाम हमले के बाद पाक पड़ा अलग-थलग, दिल्ली में सर्वदलीय बैठक, मृतकों के अंतिम संस्कार में निकला आंसुओं का सैलाब

# नाराजगी हर तरफ, अब भारत की पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक, शिकंजा और कसने की तैयारी



**पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार के तेवर सख्त, पाक का एक्स हैंडल किया गया ब्लॉक**

**कश्मीर में सर्चिंग अभियान जारी**

**कई स्थानों पर आतंकियों से मुठभेड़**



**नई दिल्ली/श्रीनगर एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के तेवर बहुत सख्त हैं और पाकिस्तान के खिलाफ कई कडे फैसले लेने के बाद आज शाम तक ऐसे ही फैसलों की दूसरी किस्त भी आने के आसार नजर आने लगे हैं। आज सरकार ने सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है। भारत के रुख से पाकिस्तान में हडकंप मचा हुआ है। आज दिल्ली में फिर हलचल तेज है। पहलगाम की आतंकी घटना पर केंद्र सरकार ने पार्लियामेंट बिल्डिंग में शाम 6 बजे सभी दलों की बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ और गृह मंत्री शाह बैठक में शामिल होंगे।

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सरकार के एक्स हैंडल को भारत में बैन कर दिया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें जम्मू-कश्मीर न जाने की सलाह दी गई है। जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। यह पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। उनके पास से अवैध हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया जिसमें चीनी हैंड ग्रेनेड 02, 7.62 एमएम मैगजीन 01 और 7.62 एमएम के 30 राउंड शामिल हैं।

इधर आज उन मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है जो इस हमले में मारे गये थे। इसे लेकर देश के कई राज्यों में शोक की लहरें हैं तथा लोग इस घटना पर गहरा आक्रोश भी जता रहे हैं। आतंकी हमले में जान गंवाने वाले इंदौर के सुशील नथानियल की अंतिम यात्रा जूनी इंदौर कब्रिस्तान पहुंची। जहां ईसाई रीति रिवाज से उन्हें अंतिम विदा दी गई। अंतिम यात्रा से पहले सुशील के घर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने वाले उमड़े। पत्नी जेनिफर उनके ताबूत से लिपटकर रोईं। पिता बदहवास नजर आए। सुशील को श्रद्धांजलि देने मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई राजनीतिक-सामाजिक लोग पहुंचे। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे। वे 4 दिन पहले ही 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी, 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा और पत्नी जेनिफर के साथ 18 अप्रैल को कश्मीर गए थे। उधर गुजरात में मृतक पिता यतीशभाई सुधीरभाई परमार और पुत्र स्मित यतीशभाई परमार की साथ में अंतिम यात्रा निकली तो लोग सिसक उठे। पुणे में मृतक संतोष जगदाले को बेटी असावरी ने मुखाग्नि दी तो लोगों की आंखे बह निकलीं। ओडिशा के प्रशांत सतपथी की अंतिम यात्रा भी सुबह शुरू हुई। हजारों की संख्या में भीड़ जुटी। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में मृतक मधुसूदन राव का अंतिम संस्कार चल रहा है। इनके अलावा कानपुर के शुभम द्विवेदी, जयपुर के नीरज उधवानी, बिहार के आईबी ऑफिसर मनीष रंजन, पुणे के कौस्तुभ गणबोटे, बेंगलुरु के मंजूनाथ, रायपुर के दिनेश मिरानिया और भारत भूषण का भी अंतितम संस्कार हो रहा है। गुजरात के तीन मृतक शामिल हैं। कानपुर में शुभम की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा- आतंकियों ने मेरे सामने ही मेरे पति को गोली मारी। योगीजी हमें कड़ा बदला चाहिए। यह कहते हुए वह रोने लगीं तो सीएम योगी ने कहा- यह हमला ताबूत पर आखिरी कील होगा।

## घबराहट में शिमला एग्रीमेट से पीछे हटेगा पाक !

भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तानी एयरफोर्स ने पूरी रात खौफ के साये में काटी। 18 फाइटर जेट कराची एयरबेस से भारत से लगी सीमा की ओर एयरफोर्स स्टेशनों पर रहे। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने कमांडरों की बैठक ली। दूसरी तरफ पाक के डिप्टी पीएम इशाक डार ने कहा है कि भारत की पाबंदियां गैर मुनासिब हैं। पाकिस्तान के पास भी परमाणु हथियार है और हम झुकेंगे नहीं। पाकिस्तान में आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक है। खबर है कि भारत द्वारा लगाई गई पाबंदियों के जवाब में पाकिस्तान भी कुछ फैसले ले सकता है। इसमें 1972 का शिमला एग्रीमेंट भी शामिल है। यह समझौता इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच हुआ था। शिमला एग्रीमेंट में तय हुआ था कि 17 दिसंबर 1971 को जो स्थिति है, दोनों देश उसे ही एलओसी मान लें।

## आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ में एक जवान शहीद

जम्मू कश्मीर के उधमपुर में आज सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। इसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है। खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था।. दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच बीते 24 घंटे में यह तीसरी मुठभेड़ है. इससे पहले कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## इजरायल जैसे बदला लेने की सलाह

पहलगाम आतंकी हमले पर पूरी दुनिया में गुस्सा है। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए।

## फिटजी के मालिकों पर ईडी के छापे, 10 ठिकानों पर कार्रवाई

### हजारों छात्रों का भविष्य लटका है अधर में

**नई दिल्ली एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय ने आज फिट जी के 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। फिट जी मालिक डीके गोयल के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के ठिकानों पर ईडी ने यह एक्शन लिया। फिटजी के सैंकड़ों सेंटर बंद होने से 12 हजार बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है और इसके मालिकों को 12 करोड़ का फायदा हुआ है। इससे पहले फरवरी में नोएडा पुलिस ने फिटजी से जुड़े खातों को सीज कर दिया था। गोयल से जुड़े खातों में 11 करोड़ रुपये सीज किए गए थे। फिटजी कोचिंग संस्थान के बंद होने के मामले में नोएडा पुलिस ने भी कड़ी कार्रवाई की थी।





बताया जाता है कि गोयल और अन्य संचालकों पर क्लासेस बंद होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में दिनेश गोयल सहित 8 लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश व विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले चर्चित कोचिंग संस्थान फिटजी के कई सेंटर अचानक बंद होने की खबर से बीते दिनों खूब हडकंप रहा था। कई सेंटर भी बंद किए गए थे. पिछले कुछ समय से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए जाने से इस प्रमुख कोचिंग संस्थान की स्थिरता और अस्तित्व पर सवाल उठ रहे थे।

## मंत्री के निर्देश के बावजूद एयरलाइंस वसूल रहीं मोटा किराया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय के अनुरोध के बावजूद कई एयरलाइंस इस वक्त कश्मीर में फंसे पर्यटकों से घर वापसी के लिए मोटा किराया वसूल रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरलाइंस ने श्रीनगर से देश के प्रमुख शहरों के लिए किराये में दो से चार गुना तक बढ़ोतरी कर दी। कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट साझा कर बताया कि इस मुश्किल हालात में भी एयरलाइन कंपनियां मुनाफा कमाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही हैं। जबकि केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ बैठक व बढ़ोतरी के खिलाफ सख्त निर्देश दिये थे। ताकि इस संवेदनशील समय के दौरान किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े। इसके अलावा विमानन कंपनियों से कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से पर्यटकों को वापस लाने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाएं।

### कुंभ सिटी प्लान

## सिंहस्थ के लिए पांच हजार करोड़ से 'नया शहर' बसेगा

**उज्जैन एजेंसी**

तीन साल बाद यानि 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ कुंभ के लिए 2378 हेक्टेयर भूमि पर 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से स्थायी कुंभ सिटी बनाई जाएगी। इसमें इंटरकनेक्टेड चौड़ी सड़कें, अंडरग्राउंड लाइट, हॉस्पिटल, स्कूल, खूबसूरत चौराहे और सड़क डिवाइडर वाला अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त एक नया शहर बनाया जाएगा। नए प्लान के मुताबिक उज्जैन विकास प्राधिकरण 1806 किसानों की करीब पांच हजार सर्वे वाली जमीन को लैंड पुलिंग कर हाईटेक कुंभ सिटी के रूप में तैयार करने जा रहा है। हालांकि, किसान सरकार की जमीन अधिग्रहण पॉलिसी का कई दिनों से विरोध कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक शासन और





किसानों के बीच जमीन की लैंड पुलिंग को लेकर हुई बातचीत में अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं निकल पाया है।

सिंहस्थ कुंभ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने कहा है कि यह पहली बार होगा, जब सिंहस्थ भूमि पर स्थायी सड़कें, बिजली के पोल और अन्य निर्माण काम किए जाएंगे। सिंहस्थ की भूमि पर एक धार्मिक शहर का निर्माण होगा। नई कुंभ नगरी बनेगी। सिंह का दावा है कि यह मध्यप्रदेश की पहली ऐसी योजना होगी, जिसमें इतने बड़े स्तर पर कार्ययोजना बनाकर एक नया शहर विकसित किया जाएगा।

## लू का दौर तेज, दो दिन बाद हल्की बारिश के आसार

**भोपाल।** इन दिनों जारी भीषण गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में 26 और 27 अप्रैल को बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले आज पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है।21 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलेगी। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, उमरिया, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 42 डिग्री के पार ही पहुंच सकता है। अभी इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग में भी ज्यादा गर्मी रहेगी। यहां के जिलों में लू का अलर्ट है। इसके बाद दो दिन पूर्वी और दक्षिणी हिस्से के जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

**मेट्रो एंकर : परमाणु युध्द की स्थिति का डराने वाला अनुमान**

## 1 घंटे में जाएंगी पांच अरब जान, सिर्फ दो देश बचेंगे !

**वॉशिंगटन एजेंसी**

जब से कई देशों ने परमाणु क्षमता विकसित करके ताकत हासिल की है तभी से परमाणु युद्ध का खतरा दुनिया पर है। पश्चिमी देशों को डर है कि यूक्रेन पर रूस कभी भी ऐसा हमला कर सकता है, जिससे परमाणु युद्ध के भड़कने का खतरा पैदा हो जाएगा। हालांकि हाल के कुछ दिनों से रुस के तेवर नर्म नजर आ रहे हैं। मगर परमाणु युद्ध विशेषज्ञ और खोजी पत्रकार एनी जैकबसन ने कहा है कि अगर परमाणु युद्ध छिड़ जाता है, तो एक घंटे से भी कम समय में पांच अरब लोगों की जान जा सकती है। उनका कहना है कि केवल दो देशों के बचने की वास्तविक संभावना है, जिनके नाम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया हैं। द डायरी ऑफ ए सीईओ पॉडकास्ट पर एक इंटरव्यू में जैकबसन ने विनाश की अकल्पनीय टाइमलाइन को उजागर किया व कहा, रूस के लॉन्चपैड से अमेरिका के पूर्वी तट तक एक बैलिस्टिक मिसाइल को पहुंचने में 26 मिनट और 40 सेकंड लगते हैं।यह



1959-60 में सच था जब हर्ब यॉर्क (परमाणु भौतिक विज्ञानी और पूर्व पेंटागन वैज्ञानिक) ने पहली बार विश्लेषण किया था, और यह आज भी सच है। जैकबसन पेंटागन की शोध एजेंसी डारपा पर अपने खोजी काम के लिए 2016 में पुलित्जर फाइनलिस्ट थीं। उन्होंने कहा, दुनिया में आमूलचूल परिवर्तन होने से पहले मानवता के पास 90 मिनट होगा। परमाणु युद्ध के बारे में भयानक सच्चाई यह भी है कि निशाना बनने वाले हर देश को पता होगा कि उनके पास कितना वक्त होगा। जैकबसन ने कहा, हमले की स्थिति में, अमेरिकी राष्ट्रपति के पास ब्लैक बुक के रूप में जवाबी विकल्पों के एक क्लासिफाइड सेट का उपयोग करके जवाबी हमले पर निर्णय लेने के लिए केवल छह मिनट होते हैं और उस समय में, ब्लैक बुक खुल जाती है; उसे ब्लैक बुक के अंदर विकल्पों की एक जवाबी हमले की सूची में से एक विकल्प चुनना होगा। जैकबसन ने वायुमंडलीय विज्ञान के विशेषज्ञ प्रोफेसर ब्रायन टून के शोध का हवाला दिया, जिन्होंने चेतावनी थी कि वैश्विक जलवायु को विनाशकारी क्षति होगी। उन्होंने बताया, दुनिया का अधिकांश भाग, निश्चित रूप से मध्य अक्षांश, बर्फ की चादरों से ढका होगा, आयोवा और यूक्रेन जैसी जगहें 10 साल तक सिर्फ बर्फ में होंगी, कृषि खत्म हो जाएगी, और ऐसी हालतों में लोग मरेंगे। उन्होंने कहा, सूरज की रोशनी भी घातक हो जाएगी।

### प्रदूषण कम करने कडा फैसला

## दिल्ली में जुलाई से पंद्रह साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा ईधन

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब 1 जुलाई से दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा। इसके लिए दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर 30 जून तक ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगा दिए जाएंगे। जो पुरानी गाड़ियों की पहचान करेंगे। साथ ही सीएक्यूएम ने दिल्ली से सटे कुछ और जिलों में भी इसे लागू करने की योजना बनाई है। कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट चाहता है कि दिल्ली की हवा साफ हो, इसलिए उसने दिल्ली सरकार को यह आदेश दिया है। आदेश के अनुसार, दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों को 30 जून तक एएनपीआर कैमरे लगाने होंगे। ये कैमरे 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों की पहचान करेंगे। एक जुलाई से ऐसे वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।



## कश्मीर की बुकिंग कैंसिल करा रहे लोग, उत्तराखंड या हिमाचल बना विकल्प

**पहलगाम घटना का असर**

# राजधानी के टूर आपरेटर्स को झटका कई जगहों पर आक्रोश का इजहार



न्यू मार्केट व्यापारी संघ ने आतंकी घटना के मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




बुधावारा चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन करते विधायक आरिफ मसूद

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में राजधानी के लोग भी आक्रोशित हैं और लगातार धरने प्रदर्शन आदि जारी हैं। कल कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद व उनके समर्थकों ने इस घटना के विरोध में पुतला दहन करके नाराजगी का इजहार किया तो आज शहर के थोक दवा व्यापारी काली पट्टी लगाकर दुकानों में काम कर रहे हैं। वहीं, शाम 6 बजे दुकानें भी बंद कर देंगे। उधर भोपाल से गर्मियों की छुट्टी मनाने के लिये कश्मीर का रुख करने को लालायित कई परिवारों ने अपनी ट्रिप कैंसिल कर दी है। अब टूर ऑपरेटर्स इन्हें हिमाचल या उत्तराखंड के विकल्प दे रहे हैं। माना जाता है कि हजारों लोगों ने कश्मीर जाने का प्रोग्राम बदल दिया है। भोपाल में दो दिन से कश्मीर के टूर की बुकिंग कराने कोई नहीं पहुंचा है। बताया जाता है कि इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर में भी ऐसी ही स्थिति रही। टूरिस्ट सिर्फ अप्रैल ही नहीं, मई और जून की बुकिंग भी कैंसिल कर रहे हैं। ज्यादातर लोगों ने एक मई के बाद कश्मीर घूमने का प्लान बनाया था, क्योंकि डेढ़ महीने के लिए



जिला कांग्रेस ने पहलगाम घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला इसमें दिग्विजय सिंह व जीतू पटवारी भी शामिल हुए ।

बच्चों के स्कूल की छुट्टियां लग रही हैं। अब वे कश्मीर ट्रिप कैंसिल करने के बाद अब हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड घूमने के लिए पूछताछ कर रहे हैं। टूर आपरेटर्स भी यही विकल्प देकर अपने नुकसान की भरपाई की कोशिश कर रहे हैं। ट्रेवल्स संचालकों का कहना है कि भोपाल से कश्मीर, हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड घूमने जाने वाले टूरिस्ट दिल्ली या ग्वालियर तक फोर व्हीलर से जाते हैं। यदि बड़ी फैमिली है तो ट्रेवलर जैसी गाड़ियों की भी मांग होती है। अक्सर पहलगाम, गुलमर्ग, श्रीनगर, वैष्णोदेवी के लिए भी बुकिंग होती है, लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बाद वे लोग चिंतित हैं, जो 1 मई के बाद घूमने जाने वाले हैं। ट्रेवल्स संचालक योगेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि टूरिस्ट प्लेस पहलगाम में आतंकी हमले से सिर्फ वहां के होटल इंडस्ट्री या अन्य कारोबार पर ही नहीं, मध्यप्रदेश की ट्रेवल्स इंडस्ट्री पर भी गहरा असर पड़ेगा। क्योंकि यह टूरिज्म सीजन होता है। हर साल मई में स्कूलों की छुट्टी लगने पर लोग फैमिली समेत कश्मीर जाते हैं। इनमें से ज्यादातर फोर व्हीलर या बसों से जाते हैं। आने वाले दिनों में इनकी बुकिंग घट जाएगी।

### व्यापारी निकालेंगे मौन रैली

उल्लेखनीय है कि नादरा बस स्टैंड के सामने स्थित थोक दवा बाजार में 400 थोक दुकानें हैं। भोपाल समेत आसपास के डेढ़ सौ किलोमीटर के दायरे में दवा पहुंचाई जाती है। हमले के विरोध में गुरुवार को व्यापारी भी मैदान में उतरे हैं। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने कहा है कि पहलगाम घटना के विरोधस्वरुप सभी दुकानों पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया जा रहा है। शाम 6 बजे दुकानें बंद हो जाएंगी और फिर मौन रैली दवा बाजार से शुरू होकर काली मंदिर पुट्ठा मील तक जाएगी। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा होगी। आयोजन में थोक दुकानों के अलावा मेडिकल स्टोर्स के संचालक भी शामिल होंगे।

## पराली जलाने वाले किसानों पर प्रशासन सख्त, दो लाख से ज्यादा का जुर्माना, अब तक 42 प्रकरण बने



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

इन दिनों शहर और शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में पराली जलाने पर बड़े स्तर पर कार्रवाई का दौर चल रहा है। अब तक ऐसे 42 प्रकरण बनाकर कुल 2 लाख 19 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जा चुका है। हालांकि, सख्ती के बावजूद अभी भी खेतों में पराली जलाई जा रही है।गत दिवस देहरीकला, सेमरीकला, पिपलिया केशो, हिनोतिया आलम समेत अन्य इलाकों में पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बताया गया है कि जिन लोगों ने खेतों में पराली जलाई उनमें 15 से ज्यादा के पास दो एकड़ से कम जमीन है, ऐसे में इनके खिलाफ ढाई-ढाई हजार रुपए, करीब 10 किसान दो से पांच एकड़ जमीन वाले थे। इन पर पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना किया गया। बाकी किसानों के पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन है। ऐसे में इनके खिलाफ 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### पराली से राहगीर परेशान

बताया जाता है कि बीती शाम करीब सात बजे बड़वई टूबा कॉलेज के पास खेतों में पराली जलाई गई। मुख्य सड़क से लगे इन खेतों में उठती लपटों और धुंए के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति और भी कई जगहों पर है। ऐसे मामलों में प्रशासन को संबंधित के खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज कराने के भी निर्देश हैं। लेकिन, अब तक एक भी मामले में प्रकरण दर्ज नहीं कराए गए हैं।

## आतंकी हमले के विरोध एबीवीपी ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को भारत माता चौराहा पर जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन भी किया। लगभग दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे। महानगर मंत्री शिवम् जाट ने कहा कि जम्मू कश्मीर को भारत का ताज कहा जाता है , परंतु आतंकवाद द्वारा ऐसा नरसंहार निंदनीय है। पाकिस्तान लगातार आतंकियों को समर्थन देता आ रहा है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए और आतंकवाद जड़ से खत्म करे।

## विश्व किताब दिवस मनाया प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं

**हिरदाराम नगर।** अनन्दराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय में बुधवार को वर्ल्ड बुक डे मनाया गया। विद्यार्थियों की भाषण व राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसका विषय हमारी किताबें हमारी कल्पनाएं है रखा गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो द्वारा बुक डे पर विचार रखे गए। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान ने बताया कि पुस्तकों का हमारे जीवन से गहरा नाता होता है बचपन से इनका सफर हमारे साथ शुरू होता है और ताउम्र यह हमे कुछ ना कुछ नया सिखाती रहती है बदलते समय मे किताबों की जगह कम्प्युटर ओर इंटरनेट ने लेली है अब इनका इस्तेमाल कम होने लगा है और इस दिवस के माध्यम से जागरूकता फैलाना एक सशक्त तरीका है। नवयुवक सभा की प्रबंध समिति के वासदेव वाधवानी, विष्णु गेहानी, सुरेश राजपाल, धरमप्रकाश मोटवानी, पुरषोत्तम टिलवानी ने विश्व बुक दिवस की बधाई दी।

## पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत

**भोपाल।** आज से मप्र की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू हुआ है। यह ट्रेन नंबर 05595 सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस (उद्घाटन सेवा) आज गुरुवार को सहरसा स्टेशन से सुबह 11:40 बजे रवाना हुई है और ट्रेन अगले दिन सुबह यानि कल 10:50 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी। अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद यह ट्रेन रात 11:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। दूसरी तरफ ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने धनबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन की घोषणा की है। ट्रेन नंबर 03315 26 अप्रैल से 28 जून 2025 तक हर शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन धनबाद से सुबह 08:00 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 05:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 27 अप्रैल से 29 जून 2025 तक हर रविवार को चलेगी।

## 31 ने किया रक्तदान, खून किसी फेक्टरी में नहीं बनता : कुकरेजा




**हिरदाराम नगर।** भोपाल में करीब 200 मरीजों को प्रतिदिन रक्त की आवश्यकता होती है, थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में रक्त चढ़ता है, इन बच्चों की चिंता करते हुए गुरुनानक मंडल द्वारा ईदगाह हिल्स स्थित सागर गैरे पर रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जो जरूरतमंदों के काम आएगा। अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा रक्त किसी फैक्ट्री मे नहीं बनता, भगवान ने हमें यह तोहफा सिर्फ हमें दिया है, दान करने के लिए,रक्तदान एक स्वस्थ और नेक काम है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। हम समय समय पर इस मानवता के कार्य के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहते है।

## नाटक, कविता और कहानी के माध्यम से स्वच्छता का संदेश

**मिठी स्कूल परिवार ने कहा, संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएंगे**



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब और सामाजिक विज्ञान विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जगाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी थे। प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आयोजित विशेष सत्र में जल एवं प्रकृति संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। बूलचंदानी ने स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर जोर दिया।

छात्रों ने नाटक, कविता और कहानी के माध्यम से जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी सत्र में विजेता कर्मचारियों को पौधे पुरस्कार स्वरूप दिए गए। वरिष्ठ छात्रों ने कनिष्ठ छात्रों को कक्षाओं में प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाया।

प्रार्थना सभा में स्थापित 'शपथ-वृक्ष' पर छोटे छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। छात्रों ने प्लास्टिक और कागज से रचनात्मक वस्तुएं बनाकर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉर्नर में प्रदर्शित कीं, जिनकी सराहना हुई। अंत में सभी कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन छात्र शुभ ठाकुर ने किया।

## संतनगर में मई में होगा श्री अमर कथा का आयोजन, 3 मई से शुरू होगा

**हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज के आराध्य श्री झूलेलालजी के पवित्र ग्रंथ श्री अमर कथा का पाठ मई में होगा। चार दिवसीय पाठ तीन, चार, पांच और छह मई को संतनगर में होगा।कार्यक्रम के संयोजक घनश्याम पंजवानी और पूज्य सिंधी पंचायत संतनगर के उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने यह जानकारी दी है।



बताया गया है कि यह आयोजन भगवान झूलेलालजी के गादीनशीन ठकुर साईं आसानलाल साहबजी की 114वीं जन्म जयंती पर किया जा रहा है। श्री अमर कथा का अमृतमय पाठ भरूच धाम के वर्तमान गादेश्वर ठकुर साईं मनीषलाल साहिब (साईं भरूचवारा) के सानिध्य में होगा। इस कथा को गुजरात के जाने-माने कथावाचक रविंद्र जोशी शास्त्री श्रद्धालुओं तक पहुंचाएंगे।

कथा का ठकुर आसानलाल धर्मशाला, बी वार्ड, पुराना संतनगर में प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक होगी। कथा का समापन एवं भोग 6 मई, मंगलवार को रात्रि 8:00 बजे पूज्य बहिराणा साहब और भंडारे के साथ होगा। आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने ठकुर साईं मनीषलाल स्वयं आए थे। पाठ में शहर के आसपास के क्षेत्र मंडीदीप, विदिशा, अब्दुल्लागंज, रायसेन और इटारसी तक के श्रद्धालुओं के पहुंचेंगे।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान का झंडा जलाया

**कांग्रेस ने घटना की निंदा की, तत्काल कार्रवाई की मांग**



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोगों में गुस्सा में है। जहां गांधीनगर में भारत तिब्बत सहयोग मंच-भाजपाइयों ने पाकिस्तान का झंडा फूंका वहीं संतनगर कांग्रेस ने घटना की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की ।

गांधीनगर में पाकिस्तान एवं आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत मंत्री एवं भाजपा गांधी नगर मंडल के महामंत्री राधे महाराज के नेतृत्व में गुस्से का इजहार किया गया । पाकिस्तान के झंडे को जलाकर प्रदर्शनकारियों ने आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में राजीव सक्सेना, स्वदेश खन्ना, अनिल परोचे, पिट्टु विश्वकर्मा, मिथुन मेवाती, शैलेश राजोरिया सहित अन्य आदि शामिल हुए। हमले की निंदा की कांग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पहलगांव में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। घटना को केन्द्र सरकार की विफलता बताया है। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण व उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने एक बयान में कहा कि घटना ने पूरे देश को झंकझोर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह से तत्काल फैसला लेकर जल्द से जल्द आतंकवादियों को उनके अंजाम की मांग की है। हमले की निंदा करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, माधु चांदवानी, राज मनवानी, तेजा सिंह सोढी, सोनू तोमर, लीलाधर पंवार व अन्य कांग्रेस नेता शामिल हैं।

**मेट्रो एंकर** साधु वासवानी स्कूल में पशु-पक्षियों के प्रति संवेदना कार्यक्रम




# सुबह की शुरूआत दाना-पानी रख कर करें: गेहानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

साधु वासवानी/मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बच्चों से गर्मियों में हर दिन पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने का आव्हान किया।

गेहानी ने कहा कि वे ऐसे विद्यालय में पढ़ते हैं जहाँ संस्कारों का बीजारोपण होता है। विद्यालय में माता-पिता की सेवा और मूक प्राणियों की सेवा के संस्कार भी समय-समय पर दिए जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से रामायण और गीता का पाठ करने के लिए भी प्रेरित किया।

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में मूक प्राणियों के लिए प्रातःकाल दाना-पानी रखने को नारायण की सेवा के समान बताया और कहा कि इनकी चहचहाट के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मूक प्राणियों को कभी भी कष्ट न पहुँचाने और शाकाहार अपनाने का आग्रह किया, क्योंकि पशु-पक्षी भोजन की वस्तु नहीं बल्कि प्रकृति का उपहार हैं जिनकी रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज यदि पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया जाए तो हर दुख से मुक्ति मिल सकती है।

इस अवसर पर दीपा आहूजा ने विद्यार्थियों से प्रतिदिन सुबह उठकर पक्षियों को एक बार अन्न और तीन बार ठंडा जल देने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी पक्षियों को अन्न-पानी देगा और सात्विक विचारों वाला बनेगा, उसमें पशु-पक्षियों के प्रति करुणा का भाव आएगा।

विद्यालय की छात्रा रिद्धि और दिया ने बताया कि पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने का धार्मिक महत्व बताया। कार्यक्रम में प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन भावना कलवानी द्वारा किया गया।

### मध्यप्रदेश के सहकारी दुग्ध संघों, सहकारी दुग्ध उत्पादन समितियों को पुर्नजीवित करने का मामला

# शाह की नसीहत के बाद नए सिरे से प्लान बना रहे एमपीसीडीएफ व एनडीडीबी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की नसीहत के बाद राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधिकारी मध्यप्रदेश के सहकारी दुग्ध संघों व दुग्ध उत्पादन समितियों को पुर्नजीवित करने का नया प्लान बना रहे हैं।**

जिसमें शुरू में 50 लाख लीटर और अगले 5 वर्षों में रोजाना 2 करोड़ लीटर दूध संग्रहण का लक्ष्य शामिल किया जा रहा है। यह आसान नहीं है। दुग्ध संघों व समितियों में नए सिरे से नेटवर्क तैयार करने होंगे। ये सभी कामों को कार्ययोजना में शामिल किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में रोजाना 5.50 करोड़ लीटर दूध पैदा होता है, इसमें से बड़ा हिस्सा निजी



कंपनियों के पास जा रहा है। यह हालत तब है जब सहकारी दुग्ध संघ 40-40 साल पुराने हैं। समितियां भी तभी गठित की थीं। पूर्व की सरकारों ने इनका ठीक से संचालन नहीं किया, जिसके कारण निजी कंपनियों को कारोबार करने के अवसर मिले।

### 24 लाख लीटर दूध एकत्रित करने का प्लान नकारा

शाह की मौजूदगी में 13 अप्रैल को रवींद्र भवन में कार्यकर्म हुआ था। जिसमें दुग्ध संघों, समितियों व संयंत्रों को आगामी 5 वर्षों के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के हवाले किया था। तब राज्य की ओर से कहा था कि इस अनुबंध से रोजाना सहकारी दुग्ध संघों द्वारा 24 लाख लीटर दूध का संग्रहण किया जाएगा, जो कि अभी 10 से 12 लाख लीटर ही किया जा रहा है। वहीं समितियों की संख्या भी 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार की जाएगी। इस पर शाह ने कहा था कि यह लक्ष्य बहुत ही कम है, जबकि मध्यप्रदेश में रोजाना 5.50 करोड़ लीटर दूध हो रहा है।

### राज्य सरकान ने ये लक्ष्य भी रखे

तीन साल में 3 लाख को सोलर पंप देंगे। 1000 कस्टम हायरिंग सेंटर खोलेंगे। एफपीओ 1000 करेंगे। 3.35 लाख हेक्टेयर में माइक्रो सिंचाई का विस्तार किया जाएगा। 5 लाख हेक्टेयर में ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव की क्षमता विकसित कराई जाएगी। 15 लाख क्विंटल उच्च उत्पादकता वाली किस्मों के बीजों का वितरण होगा। 77.47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित की जाएगी। जे-फार्म एप से 5 लाख किसानों को जोड़ा जाएगा।

मिशन में 50 बड़े कामों को शामिल किया है। जैविक, प्राकृतिक खाद बनाने, फसलों व मछलियों के 100 फीसद बीज तैयार करने में आत्मनिर्भरता, कोल्ड चेन व नेटवर्क तैयार करने, मछली उत्पादन 10 हजार 288 मीट्रिक टन करने, इनका पालन करने वाले 1.47 लाख किसानों को क्रेडिट कार्ड देने जैसे काम शामिल है। मिशन का लक्ष्य इन कामों के जरिए किसानों की आय में वृद्धि, खेती को जलवायु के अनुकूल बनाना, सस्टेनेबल खेती की पद्धति अपनाना, जैव विविधता व परंपरागत कृषि के तरीकों का संरक्षण करना, पोषण व खाद्य सुरक्षा बनाए रखना और फसलों को उचित दाम दिलाना है।

# निर्माण कार्यों की जांच में मिली कई गड़बड़ियां 7 प्रमुख अभियंताओं ने परखी हकीकत

भोपाल, दोपहर मेट्रो




लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिये माह में दो बार औचक निरीक्षण का अभियान चलाया रहा है। निरीक्षण की कार्ययोजना के अंतर्गत 7 मुख्य अभियंताओं की टीमों ने प्रदेश के विदिशा, छिंदवाड़ा, दतिया, इंदौर, मंदसौर, सागर और अनुपपुर सहित अन्य जिलों में कुल 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्य रेंडम आधार पर चयनित परियोजनाओं पर किया गया, जिसमें लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, म.प्र. सड़क विकास निगम, भवन विकास निगम एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित कार्य शामिल थे। बताया जाता है कि निरीक्षण के बाद प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता ( के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता एस.आर. बघेल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। समीक्षा बैठक में निरीक्षणकर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर अनेक स्थानों पर लापरवाही सामने आने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विदिशा जिले के अंतर्गत महामायी मंदिर पहुंच मार्ग व्हाया पाटन कमालिया के निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक मापदण्ड के अनुसार नहीं पाई गई। इस पर ठेकेदार मेसर्स इन्फा डेव्हलपर्स विदिशा के पंजीयन को ब्लैक लिस्ट में दर्ज किये जाने के लिये मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र को निर्देश दिए गए तथा संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। विदिशा जिले के ही शमशाबाद में 50 सीटर विमुक्त जाति प्री-मेट्रिक बालिका छात्रावास भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर ठेकेदार और अधिकारियों की प्रशंसा की गई। इसी प्रकार सागर जिले के जरुआखेड़ा आर.ओ.बी. एवं सागर-खुरई-बीना कार्य में अत्यधिक विलंब पर ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने और कार्रवाई करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र भोपाल को दिए गए। रहली सी.एम. राइज स्कूल के कार्य को असंतोषजनक पाए जाने पर भवन विकास निगम के उपयंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को नोटिस और ठेकेदार व कंसल्टेंट पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिये 10 मिनट का प्रोटोकॉल मध्यप्रदेश योग आयोग द्वारा तैयार


भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रोटोकॉल जिला योग प्रभारियों को विद्यालयों में प्रार्थना सत्र के दौरान अभ्यास कराने के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। जिलों में गठित योग समितियों द्वारा संचालित नि:शुल्क योग कक्षा के लिए एक घंटे का योगाभ्यास प्रोटोकॉल तैयार कर संबंधित एजेंसी को उपलब्ध कराया गया है, जिसके आधार पर योग समितियों द्वारा संचालित नि:शुक्ल योग कक्षाओं में आम नागरिकों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। संस्था की पूरे वर्ष की योग गतिविधियों का वार्षिक योग पंचांग आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा प्रति वर्ष जारी किया जाता है। जारी कैलेण्डर के अनुसार प्रदेश में योग गतिविधियां संचालित हो रही हैं। प्रदेश में 21 जून 2025 को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

# विश्व पुस्तक दिवस पर 100 साहित्यिक पुस्तकें लाइब्रेरी में शामिल

**100 किताबों का कलेक्शन सेन्ट्रल लाइब्रेरी में**

भोपाल, दोपहर मेट्रो




शासकीय मौलाना आजाद सेन्ट्रल लाइब्रेरी में मप्र सरकार द्वारा उपलब्ध बजट के माध्यम से विष्व पुस्तक दिवस के अवसर पर नवीन 100 साहित्यिक पुस्तकों का नया कलेक्शन शामिल किया गया है, जिसमें हिन्दी एवं अंग्रेजी साहित्य में रूचि रखने वाले सदस्यों के लिए बेहद रूचिकर होंगी। पुस्तकालय मैनेजर रचित मालवीय ने बताया की नए कलेक्शन में मध्यप्रदेश व आस-पास के प्रदेशों के स्थानीय लेखकों की पुस्तकों को प्रथामिकता दी गई है। इस कलेक्शन में मप्र के शुजालपुर कस्बे की लेखिका योगिता वार्डे की पुस्तक ''दीया की कहानी'' जो समाज के सभी रिति रिवाजों का खुलासा करते हुए महिलाओं पर होने वाले अत्याचार, समाज व परिवार की महिला के प्रति दृश्टिकोण को दर्शाता है एवं कुकर की सीटी नामक एक अन्य पुस्तक को शामिल किया गया है। इसी क्रम में भोपाल की रहने वाली गुंजन ठाकुर की पुस्तक ''क्रिसेन्ट व्हिस्पर'' जिसमें पिता दादा कैरियर के प्रति अपने मन की भावना को दर्शाती हुई कविता आधारित पुस्तक हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय ग्रंथपाल रत्ना वाधवानी, पुस्तकालय ग्रंथपाल निशा बातव एवं अन्य पुस्तकालय-स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहें।

# पीपीपी मोड पर मेडिकल कालेज 30 को सामने आएगी नई तस्वीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के 12 जिलों में प्रस्तावित पीपीपी मोड पर नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए बिडिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। 30 अप्रैल को तकनीकी बिड खोली जाएगी। इसके बाद अगले माह से पीपीपी मोड वाले मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से जुड़ी कार्यवाही शुरू हो जाएगी। प्रदेश में सेवानिवृत विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सेवाएं फिर से मेडिकल कॉलेजों में ली जाएंगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाओ को रिटायर्ड डाक्टरों के अनुभवों का लाभ सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में कहा कि कैंसर रोगियों को इलाज में प्राथमिकता से मदद की जाए, अंगदान को प्रोत्साहित किया जाए। राज्य सरकार अस्पतालों से पार्थिक देह घर तक ले जाने के लिए शव वाहन सेवा का विस्तार करने जा रही है। पहले यह वाहन जिला स्तर पर उपलब्ध कराए जाएंगे, इसके बाद हर विकास खंड और तहसील स्तर पर यह वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विभाग की समीक्षा कर दिएआवश्यक निर्देश**



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# 313 विकासखंडों, 4 हजार गांव व 356 शहरी वार्डों में योग समिति गठित



**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योग के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये मध्यप्रदेश योग आयोग का गठन भी किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह योग आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रदेश के 52 जिलों में जिला योग समितियां और 313 विकासखंडों में विकासखंड योग समितियों के गठन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन जिलों में लगभग 4 हजार ग्रामों में और शहरी क्षेत्र के 356 वार्डों में योग समितियों का गठन किया गया है।

### प्रदेश में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों का किया जा रहा संचालन

मध्यप्रदेश योग आयोग का पोर्टल तैयार कर एनआईसी पर संचालित किया जा रहा है। पोर्टल पर योग आयोग की समस्त जानकारियां, जिला योग प्रभारियों एवं विकासखंड योग प्रभारियों की व्यक्तिगत जानकारी, योग से निरोग कार्यक्रम में सहयोग देने वाले योग शिक्षकों की जानकारी को प्रदर्शित है। मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए उपयुक्त भवन और भूमि उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर्स को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में 14 जिलों ग्वालियर, मुरैना, दतिया, राजगढ़, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, देवास, नीमच, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह और शहडोल में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो रहे हैं।




## संपादकीय

# पोषण और संतुलन के बीच

हाल लिया संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में एक तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यानी आज भी ऐसे बहुत सारे स्कूल हैं, जहां बच्चों को खाने-पीने के सुरक्षित सामान नहीं मिलते और करीब चालीस फीसद देशों की सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेतीं। वहीं असुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उपाय नहीं किए गए हैं। दरअसल, इन दिनों पूरी दुनिया में लगभग सभी देशों में स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर बहुस्तरीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बहुत जरूरी होने पर नियम-कायदे भी लागू किए जाते हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत सारे देशों में स्कूल परिसरों और उसके आसपास उपलब्ध खानपान की चीजें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कैसा असर डालेंगी, उसे ध्यान में रख कर ठोस नियम लागू नहीं किए जाते। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि स्कूल परिसर या उनके आसपास ऐसे डिब्बाबंद खाद्य या पेय पदार्थ आसानी से मिल जाते हैं, जिनके लगातार सेवन की वजह से बच्चों में मोटापा और अन्य प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी होती हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस मानक या कानूनी व्यवस्था न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। हालांकि इसे लेकर आए दिन सरकार के संबंधित महकमों की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किए जाते हैं कि वे अपने परिसर में या उसके आसपास उन खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाएं जो बच्चों की सेहत के लिए जोखिम भरे हैं। विडंबना है कि इस मसले की गंभीरता को जानते-बूझते हुए भी न तो सरकार की ओर अपेक्षित सख्ती बरती गई और न ही स्कूलों ने अपनी ओर से कोई गंभीरता दिखाई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे संघर्ष के हालात और अस्थिरता की वजह से जिस तरह खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ रही हैं, उसके बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्कूली बच्चों की सेहत के साथ शिक्षा के क्रम को जारी रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है। यह नई पीढी के स्वास्थ्य और उनकी क्षमता से भी जुडा हुआ मामला है। इसलिये सरकारों को इस दिशा में ठोस उपायों की तरफ कदम बढाने होंगे। आज के दौर में जंक फूड के चलन ने पूरी दुनिया को मथ रखा है। स्कूली बच्चों और कामकाजी युवाओं में इसके प्रति आसक्ति और निर्भरता बढ रही है। भारत में वैसे भी बच्चो का पोषण एक बडी समस्या है, कहीं अतिरिक्त खानपान और अंसतुलित भोजन मुश्किल की जड है तो कहीं भोजन के लिये भी बच्चों को संघर्ष करना पड रहा है। हालांकि सरकार पोषण आहार कार्यक्रम चलाती है लेकिन यह एक निश्चित उम्र के बच्चों के लिये ही है और इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन तथा असर पर कई सवाल खडे होते रहे हैं। फिर बडी उम्र के बच्चों को भी संतुलित भोजन कैसे मिले यह भी सवाल ही बना हुआ है। बस, यही असंतुलन समाज के भावी चित्र को बेहतर नहीं दिखाता है। शिक्षा संस्थानों के आसपास ही नहीं बल्कि सभी जगह बिकने वाली और सहज उपलब्ध होने वाली ऐसी खाद्य सामग्री पर नजर रखी जाने की जरूरत है।

# पहलगाम आतंकी हमला: एक गंभीर चूक और चेतावनी भी, आखिर कितने अलर्ट हुए हैं हम?

■ जयसिंह रावत

जम्मू-कश्मीर के सुंदरतम पर्यटन स्थलों में से एक, पहलगाम में हुआ हालिया आतंकी हमला एक बार फिर यह स्पष्ट कर गया कि घाटी में शांति और सामान्य स्थिति लौटने के दावों में अब भी गहरे सुराख हैं। अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बीच जब घाटी में पर्यटकों की आमद तेज हो रही थी और प्रशासन इसे ''नया कश्मीर'' के रूप में प्रस्तुत कर रहा था, तभी आतंक के साये ने बटकोट इलाके में एक पर्यटक वाहन को अपना निशाना बना लिया।इस हमले में कम से कम दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हमला न केवल खौफनाक था, बल्कि सुरक्षा तंत्र की उन कमजोर परतों को भी उजागर करती है । यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है, स्थानीय युवाओं की भर्ती में भारी गिरावट आई है, और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन यदि यह स्थिति वास्तव में इतनी बेहतर थी, तो पहलगाम जैसे सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्र में आतंकवादी कैसे खुलेआम गोलियां बरसाकर फरार हो गए?

यह प्रश्न इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह इलाका न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अमरनाथ यात्रा का प्रमुख आधार स्थल भी है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं।सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न होना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना, और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं?क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ



थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है? यह हमला पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने सीआरपीएफ काफिले पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। यद्यपि इसके जवाब में भारत ने भी बालाकोट में हवाई हमले किए थे। इसके बाद घाटी और आसपास के क्षेत्रों में कई बड़े हमले हुए जिनमें- उरी अटैक (18 सितंबर 2016): सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर जैश का हमला, 19 सैनिक शहीद। गांदरबल हमला (20 अक्टूबर 2024): निर्माण स्थल पर हमला, 7 मजदूरों और एक डॉक्टर की मौत। रियाशी हमला (9 जून 2024): तीर्थयात्रियों की बस पर हमला, 9 श्रद्धालु मारे गए, 33 घायल। कठुआ अटैक (8 जुलाई 2024): सेना के वाहनों पर ग्रेनेड हमला, 5 जवान शहीद, 5 घायल। डोडा मुठभेड़ (15 जुलाई 2024): डेसा जंगल में मुठभेड़, 4 सैनिक और 1 पुलिसकर्मी शहीद। गुलमर्ग हमला (24 अक्टूबर 2024): सेना के वाहन पर हमला, 2 सैनिक और 2 नागरिक (पोर्टर) मारे गए। उधमपुर अटैक (16 सितंबर 2015): बीएसएफ काफिले पर हमला, 2 जवान शहीद, 11 घायल, एक आतंकी नावेद जिंदा पकड़ा गया।

इन घटनाओं की पुनरावृत्ति यह बताती है कि हम किसी भ्रम में नहीं रह सकते। आतंक का चेहरा भले ही बदल जाए, उसकी प्रवृत्ति और उद्देश्य अब भी वही हैं-अस्थिरता फैलाना और भय के वातावरण को बनाए रखना। हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से लेकर 2024 के बीच 750 से अधिक आतंकी घटनाएं हुई हैं। 2023 में ही करीब 100 मुठभेड़ें दर्ज की गईं, जिनमें 72 आतंकवादी मारे गए, जिनमें 25 विदेशी आतंकी भी शामिल थे। हालांकि आंकड़ों में गिरावट अवश्य दर्ज की गई है, लेकिन यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि खतरा टल गया है। 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर हुआ हमला, 2000 में पहलगाम में ही हुआ बड़ा हमला और अब 2025 में फिर उसी इलाके में आतंकवाद की वापसी यह स्पष्ट कर देती है कि खतरा न केवल मौजूद है बल्कि समय के साथ रूप और तरीका बदल रहा है। इस घटना की गूंज केवल कश्मीर तक सीमित नहीं है। यह सवाल पूरे देश में गूंजना चाहिए कि क्या हम आतंकी खतरे को लेकर एक बार फिर से लापरवाह हो गए हैं? इसकी तुलना यदि हम नक्सलवाद के मोर्चे से करें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। कई वर्षों से यह दावा किया जा रहा है कि नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। लेकिन बीते सालों में सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में हुए हमलों में दर्जनों जवान शहीद हुए। 2023 में ही 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या आतंक और उग्रवाद वास्तव में समाप्त हो रहे हैं या फिर हम आंकड़ों और भ्रम के चक्रव्यूह में फंस गए हैं?

हमारी सबसे बड़ी विफलता यही है कि हम हर आतंकी हमले के बाद ही सक्रिय होते हैं। पहले हम चुप रहते हैं, फिर हमला होता है, उसके बाद मुठभेड़, समीक्षा बैठकें, हाई लेवल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और फिर वही ढर्रा। अगर हम इन घटनाओं को केवल 'एक्सेप्शन' मानकर चलते रहेंगे, तो फिर यह 'एक्सेप्शन' ही नया नॉर्म बन जाएगा। सुरक्षा को केवल सेना और पुलिस की जिम्मेदारी मान लेना भी एक बड़ी भूल है। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें खुफिया प्रणाली की जवाबदेही, स्थानीय नागरिकों की भागीदारी, राजनीतिक संवाद, और डिजिटल निगरानी तंत्र की मजबूती शामिल हो। घाटी के हालात तब तक नहीं सुधर सकते जब तक वहां राजनीतिक निर्वात बना रहेगा। स्थानीय नेतृत्व की भागीदारी और विश्वास बहाली के बिना आतंकवाद से लड़ाई एकतरफा रह जाएगी। यह आवश्यक है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं फिर से सक्रिय हों, जनता की आकांक्षाएं सुनी जाएं और आतंकवादियों के प्रचार को चुनौती दी जाए। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए चल रहे कट्टरपंथी विचारों को काउंटर करने की रणनीति विकसित करनी होगी। पहलगाम का हमला इस बात की गवाही देता है कि आतंकवाद ने भले ही अपना रूप बदला हो, लेकिन उसकी मौजूदगी अब भी उतनी ही खतरनाक है। इस हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का प्रतीक हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले समय में आतंकवाद और भी अधिक भयावह रूप में लौट सकता है। यह वक्त बयान देने का नहीं, बल्कि सख्त आत्ममंथन और निर्णायक कार्रवाई का है।

(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)

# राष्ट्रीय संस्कृति-संवेदनशीलता की संवाहक पुस्तकें

■ योगेश कुमार गोयल

आज के डिजिटल युग में, जब सोशल मीडिया, मोबाइल एप्स और त्वरित सूचना के स्रोत हमारे चारों ओर फैले हुए हैं, ऐसे समय में किताबों की प्रासंगिकता और उनके महत्व को नए सिरे से समझना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। 23 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस' न केवल पुस्तकों के महत्व की याद दिलाता है, बल्कि यह दिन हमें यह सोचने को भी विवश करता है कि पुस्तकें क्यों हमारे जीवन का अविभाज्य हिस्सा बनी रहनी चाहिए। पुस्तकों का संसार एक ऐसा अद्भुत संसार है, जो न केवल ज्ञान देता है, बल्कि भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं को भी नई रोशनी प्रदान करता है।यूनेस्को द्वारा 1995 में शुरू किया गया यह दिवस लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों को एक साझे मंच पर लाकर पुस्तकों के संरक्षण और उनके प्रचार-प्रसार की दिशा में वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दरअसल, यह दिन विश्वप्रसिद्ध साहित्यकार विलियम शेक्सपियर, मिगुएल दे सर्वांतेस तथा स्पेनी लेखक इंका गार्सिलासो दे ला वेगा की पुण्यतिथि का प्रतीक है। यह दिन इस विचार से जुड़ा है कि पुस्तकें किसी देश अथवा भाषा तक सीमित न रहकर विश्व सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा होती हैं। आज जब सूचना के स्रोतों की भरमार है, तब पुस्तक पढ़ने की संस्कृति तेजी से क्षीण होती जा रही है। बच्चों से लेकर युवाओं और वयस्कों तक, हर कोई डिजिटल उपकरणों से इतना जुड़ गया है कि पुस्तकों को समय देना अब एक 'पुरानी आदत' मानी जाने लगी है।

विश्व पुस्तक दिवस का उद्देश्य लोगों में पुस्तकों के प्रति लगाव बढ़ाना, लेखकों और प्रकाशकों को वैश्विक सम्मान देना,



कॉपीराइट जैसे संवेदनशील विषयों पर जागरूकता फैलाना और पढ़ने की आदत को जीवन का हिस्सा बनाना है। यह सर्वविदित है कि पढ़ना न केवल ज्ञानार्जन का माध्यम है, बल्कि यह ध्यान केंद्रित करने, सोचने की क्षमता बढ़ाने, कल्पनाशीलता को विकसित करने और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को सुदृढ़ करने में भी सहायक है। जब हम किसी पुस्तक के पन्ने पलटते हैं, तो हमारा मस्तिष्क लेखक की कल्पनाओं में प्रवेश करता है, चरित्रों से जुड़ता है और किसी कथा को गहराई से समझने का प्रयास करता है। यह प्रक्रिया मस्तिष्क की उन क्षमताओं को विकसित करती है, जो यंत्रवत सूचना को केवल ग्रहण करने से नहीं हो सकतीं। इस विषय में विभिन्न न्यूरो-साइकोलॉजिकल शोधों से यह स्पष्ट हुआ है कि नियमित रूप से पुस्तक पढ़ने वाले बच्चों की स्मरण-शक्ति, संज्ञानात्मक कौशल और भाषा दक्षता, उन बच्चों की तुलना में कहीं बेहतर होती है, जो अधिकांश समय स्क्रीन पर बिताते हैं।भारत में पुस्तक संस्कृति के गिरते ग्राफ को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि देश की बहुसंख्यक युवा आबादी की पढ़ने की आदत तेजी से घट रही है। अध्ययन बताते हैं कि औसतन एक भारतीय प्रति वर्ष केवल दो या तीन किताबें ही पढ़ता है। यह संख्या विकसित देशों की तुलना में काफी कम है।

हालांकि, भारत में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय जैसे संस्थान नियमित रूप से पुस्तक मेलों का आयोजन करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह आयोजन आम जनमानस के भीतर पुस्तकों के प्रति दीर्घकालिक लगाव उत्पन्न कर पाता है? एनबीटी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बाल साहित्य की बाजार हिस्सेदारी लगभग 26 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन इस साहित्य का ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी स्कूलों में व्यापक प्रसार अब भी सीमित है। बच्चों को बाल साहित्य तक पहुंचाने के लिए स्कूलों और सार्वजनिक पुस्तकालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'यू डायस प्लस 2022-23' रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सरकारी और निजी स्कूलों के पुस्तकालयों में प्रति छात्र औसतन 3.8 पुस्तकें उपलब्ध हैं। आज जब देश शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो यह और अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम बच्चों को केवल स्क्रीन पर आश्रित न करें, बल्कि उन्हें संतुलित रूप से डिजिटल और मुद्रित सामग्री के संपर्क में लाएं। वहीं स्कूली पाठ्यक्रमों में रोचक और प्रेरणादायक साहित्य को समाविष्ट करने, स्थानीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य प्रकाशित करने और पुस्तकालयों को नवाचार केंद्र बनाने की आवश्यकता है। कॉपीराइट का मुद्दा भी इस दिवस का एक अहम पक्ष है। डिजिटल माध्यमों पर तेजी से हो रही साहित्यिक चोरी और मूल रचनाओं के अनधिकृत उपयोग ने लेखकों और प्रकाशकों को गंभीर संकट में डाल दिया है।

निःसंदेह, पुस्तकें किसी भी समाज की संवेदनशीलता, उसकी सोच, उसकी परंपराओं और उसकी आत्मा की संवाहक होती हैं। वे हमारे विचारों को दिशा देती हैं, नैतिकता की ओर प्रेरित करती हैं और आत्ममंथन की प्रक्रिया को जीवंत बनाए रखती हैं। आज आवश्यकता है कि हम व्यक्तिगत स्तर पर पढ़ने की आदत को पुनर्जीवित करें। बच्चों के साथ मिलकर पुस्तकें पढ़ना, स्कूली शिक्षा में पुस्तकालय पीरियड को अनिवार्य बनाना, सामुदायिक पुस्तकालयों को पुनर्जीवित करना, बुक क्लबों का गठन करना और पुस्तकों को उपहार स्वरूप देना– ये कुछ ठोस उपाय हैं जो पुस्तक-संस्कृति को पुनः जीवंत कर सकते हैं। पुस्तकें भविष्य निर्माण का औजार हैं। वे हमें हमारी जड़ों से जोड़ती हैं और हमें वह दृष्टि देती हैं, जो एक उत्तरदायी नागरिक के रूप में आवश्यक है।

(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)

**पापियों को मारने में पाप नहीं, छोड़ने में पाप है।**
**- भतृहरि**

## आज का इतिहास

- 1877- रूस ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- 1898- स्पेन ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1920- पोलैंड की सेना ने यूक्रेन पर हमला किया।
- 1926- बर्लिन संधि पर हस्ताक्षर।

1954- आस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने राजनयिक संबंध समाप्त किए।

- 1962- एमआईटी ने पहली बार सेटेलाइट द्वारा टीवी सिग्नल भेजा।
- 1967- सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री व्लादिमीर कोमारोव एक अंतरिक्ष अभियान के दौरान दम तोड़ने वाले पहले व्यक्ति थे।
- 1970- चीन का पहला उपग्रह डांग फांग हांग लांच किया गया।
- 1982- 15 वर्ष के इजरायली आधिपत्य के बाद सिनाई प्रायद्वीप क्षेत्र मिस्र को वापस।

## निशाना

### है सही अब वक्त !




-कृष्णोन्द्र राय

सर से पानी जा चुका ।
करो बदला पूरा ।।
है सही अब वक्त ।
पड़ा जो अधूरा ।।
है नकेल की बारी ।
दानव पाकिस्तान ।।
मानवता पर धब्बा ।
कर्म है शैतान ।।
निर्दोषों , निहत्थों पर ।
गोलियां बरसाई ।।
हुए कितने बेघर ।
ऐसी घड़ी आई ।।
मिल रहे संकेत ।
है बड़ी तैयारी ।।
हुआ चौकस तंत्र ।
है अब अपनी बारी ।।

# भारत-अमेरिका संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं पहली हिंदू सेकेंड लेडी उषा वेंस

■ विनोद पाठक

अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस इन दिनों अपने पति और तीनों बच्चों के साथ भारत दौरे पर हैं। उषा एक सफल वकील हैं और हिंदू महिला के रूप में पहली अमेरिकन सेकंड लेडी भी बनी हैं। उनकी भारतीय संस्कृति में गहरी आस्था है और वो हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं।उषा वेंस का परिवार मूलरूप से आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। उनके पिता कृष्णा चिलुकुरी आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद 1980 के दशक में अमेरिका चले गए थे। जहां वो सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हो गए। उनकी मां लक्ष्मी चिलुकुरी भी मॉलिक्यूलर बॉयोलॉजी की प्रोफेसर रही हैं। उषा के दादा राम शास्त्री चिलुकुरी आईआईटी मद्रास में भौतिक विज्ञान के पहले विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके नाम से आईआईटी मद्रास में छात्र पुरस्कार दिया जाता है। उषा वेंस के ब्राह्मण परिवार की जड़ें आंध्र प्रदेश के वड्डुरु गांव से जुड़ी हैं, जहां उनके पूर्वज संस्कृत के विद्वान थे।उषा वेंस की दादी चिलुकुरी संथम्मा आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के निजी विश्वविद्यालय में फिजिक्स पढ़ा चुकी हैं और उन्होंने भगवत गीता की अंग्रेजी व्याख्या लिखी है। उषा वेंस का पूरा परिवार भारतीय संस्कृति और शिक्षा के प्रति गहरी श्रद्धा रखता है।



6 जनवरी 1986 को कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में जन्मी उषा वेंस ने इतिहास में स्नातक और दर्शनशास्त्र में एम.फिल किया है। उन्होंने येल लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री प्राप्त की। उषा ने येल-चाइना टीचिंग फेलो के रूप में चीन के ग्वांगझू में सन येत सेन यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी और अमेरिकी इतिहास पढ़ाया है।

उषा की जेडी वेंस से मुलाकात येल लॉ स्कूल में हुई थी और दोनों ने वर्ष 2014 में भारतीय परंपराओं के अनुसार हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की। उनके तीन बच्चे दो बेटे इवान और विवेक व बेटी मीराबेल रोज है। जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति बनने के सफर में उषा का बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2024 के रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में उषा ने ही पति का परिचय दिया था और उनके कठिन बचपन तथा संघर्षों के विषय में बताया था। अपने पति के राजनीतिक करियर में उषा ने न केवल व्यक्तिगत, बल्कि मानसिक समर्थन भी दिया है। सार्वजनिक मंचों पर जेडी वेंस के अभियानों को मजबूती दी है।

उषा वेंस का फैशन सेंस भी दुनियाभर में चर्चा का विषय रहा है। उषा को उनके परिष्कृत और आत्मविश्वास से भरे लुक के लिए सराहा जाता है। एक समारोह में उन्होंने गुलाबी रंग की कोट ड्रेस पहनी थी, जो सोशल मीडिया और मीडिया में चर्चा का विषय बना था। भारत-अमेरिका संबंधों में उषा वेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वो भारतीय संस्कारों और हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं। शाकाहारी उषा वेंस की प्रेरणा से जेडी वेंस भी शाकाहार को अपनाने की ओर बढ़ चले हैं। भारत की बेटी उषा वेंस पर सभी भारतीयों को गर्व है। भारत के पक्ष को उषा वेंस अमेरिका में मजबूती से रखेंगी, यही उम्मीद सभी भारतीय करते हैं।

(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)

## गौरैया की घटती आबादी के प्रति जागरूकता, गौरैया बचाओ अभियान




**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गौरैया बचाओ अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गोरैया की घटती आबादी के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उनके संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाना रहा। अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवको द्वारा विद्यालय परिसर में सकोरे लगाए गए । जिसमें दाना, पानी की समुचित व्यवस्था की गई। ताकि पक्षियों को अनुकूल पर्यावरण उपलब्ध हो सके । कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देशन पर कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा एवं भारती पंथी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान में शिक्षक प्रदीप चौरसिया , प्रशांत श्रीवास्तव, सचिन खापरे, अश्विन मिश्रा ने गौरैया संरक्षण एवं जागरूकता संबंधी जानकारी साझा की।कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन स्टेट कैम्पर आयुषी दांगी द्वारा किया गया । साथ ही चंचल भावसार, रिमी रघुवंशी , सहित अन्य स्वयंसेवको ने सक्रिय योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## समाजसेवा कर रही ज्योति वर्मा बनी कायस्थ समाज की जिला अध्यक्ष



**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रांतीय कार्य समिति की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव कीअनुशंसा पर श्रीमती ज्योति वर्मा को कायस्थ समाज की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है.इस नियुक्ति पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी सहमति जताई और कहा कि श्रीमती वर्मा असीम ऊर्जा एवं दक्षता से काम कर रही हैं । यह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के गौरव एवं सम्मान में आगे भी वृद्धि करेंगी तथा निष्ठा एवं लगन के साथ अपने दायित्वों में महासभा की महिला इकाइयों का गठन, विस्तार गतिशीलता एवं सशक्तिकरण का कार्य करेंगी । श्रीमती ज्योति वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा की पत्नी है और वे लंबे समय से समाज सेवा से जुड़ी हैं । शीर्ष पदाधिकारी का कहना है कि महिला प्रकोष्ठ में अगले आदेश, मनोनयन अथवा चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक श्रीमती वर्मा महिला जिलाध्यक्ष, नर्मदापुरम के पद पर मनोनीत किया जाता है। संगठन में सक्रिय रचनात्मक भूमिका एवं समाज हित के साथ महासभा ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## लोगों को डराने प्राप्त किया जिला उद्योग प्रबंधक ने बंदूक का लाइसेंस:श्रीवास्तव

**नर्मदापुरम।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में पदस्थ प्रबंधक गुंजन जैन के द्वारा बंदूक का लाइसेंस प्राप्त किया गया है. इस लाइसेंस को निरस्त करने की मांग नरसिंहपुर निवासी विनय श्रीवास्तव ने आयुक्त औद्योगिक एवं कलेक्टर एसपी नर्मदापुरम से गुंजन जैन का बंदूक लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है. श्रीवास्तव द्वारा आयुक्त औद्योगिक को लिखे अपने मांग पत्र में उल्लेख किया है कि गुंजन जैन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नर्मदापुरम में प्रबंधक पद पर पदस्थ हैं. जिन्होंने अपनी राजनैतिक पहुंच का दुरुपयोग करते हुए बंदूक का शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया है. जबकि उनके पद की प्रकृति और कार्यों की जिम्मेदारी में ऐसे किसी प्रकार के खतरे या जोखिम का कोई औचित्य नहीं है.

शिकायतकर्ता विनय श्रीवास्तव ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि श्री जैन ने यह शस्त्र लाइसेंस केवल व्यापारियों और आम नागरिकों को डराने धमकाने के उद्देश्य से प्राप्त किया है.वह अक्सर फील्ड विजिट के दौरान बंदूक साथ लेकर जाते हैं जिससे उनके अधिनस्थ कर्मचारी एवं व्यापारियों में भय का वातावरण बनता है. उनके इस कृत्य से न सिर्फ विभाग की गरिमा प्रभावित हो रही है बल्कि औद्योगिक वातावरण भी असहज हो रहा है. यह अत्यंत गंभीर विषय है कि एक प्रशासनिक अधिकारी इस प्रकार शस्त्र धारण कर विभाग की छवि धूमिल कर रहा है.

## अभाविप ने जलाया आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद आतंकी घटना के विरोध में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अभाविप ने आतंकवाद के खिलाफ़ कड़ा संदेश देते हुए पाकिस्तान की आतंक समर्थक नीतियों की घोर निंदा की। इस अवसर पर जिला संयोजक श्री शुभम् सिंह ठाकुर ने कहा कि - अब समय आ गया है कि आतंकवाद और उसे पालने-पोसने वाले लोगों को इस दुनिया से समाप्त कर देना चाहिए। जब तक हम आतंक के मूल स्रोत पर प्रहार नहीं करेंगे, तब तक हमारे देश के निर्दोष नागरिक इस तरह की घटनाओं का शिकार होते रहेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में अभाविप के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ़ आवाज़ बुलंद की।



## लघु उद्योग संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम.** जिला उद्योग संघ के सदस्यों ने जिला उद्योग विभाग द्वारा की जा रही आपत्तिजनक कार्रवाई के विरुद्ध एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत को सौंपा जिसमें कहा गया है कुछ उद्योगपतियों की लीज बिना न्याय उचित कारण बताए हुए निरस्त कर दी गई. एक ओर जहां मुख्यमंत्री महोदय द्वारा उद्योगों के विकास हेतु सराहनीय पहल की जा रही है वहीं दूसरी ओर उद्योग प्रशासन द्वारा इस तरह की कार्रवाई की जाना न्याय उचित नहीं है. जिला प्रशासन से निवेदन है कि उद्योगपतियों की समस्या एवं उनके निराकरण की पहल किया जाना चाहिए कोरोना कॉल में जहां सभी उद्योग धंधे चौपट हो चुके थे वहां हमारे उद्योग क्षेत्र में भी उद्योगपतियों को काफी आर्थिक संकट से गुजरना पड़ा था प्रशासन को चाहिए कि निरस्त की गई उद्योगपतियों लीज की समस्या एवं समाधान हेतु एक समिति का गठन जिला प्रशासन द्वारा किया जाना चाहिए ताकि वास्तविकता से अवगत होते हुए उद्योगपतियों की समस्या का निराकरण किया जा सके।



## हज यात्रियों का हुआ इस्तक़बाल और प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम.** बुधवार को अंजुमन माध्यमिक शाला सब्जी मंडी मे अंजुमन मुफ़िदुल इस्लाम कमेटी द्वारा पवित्र और मुकद्दस हज यात्रा को जाने वाले समस्त हाजियों का इस्तक़बाल रखा गया साथ ही एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित हुआ जिसमे हाजी इस्माइल साहब ने समस्त हज यात्रियों की मौजूदगी मे हज के दौरान शुरु से लेकर आख़री तक होने वाली समस्त प्रक्रियाओ का व्याख्यान किया और हज के दौरान होने वाले अरकान (विधि) की अदायगी कैसे हो इस पर प्रकाश डाला इस्तक़बाल और प्रशिक्षण शिविर मे शहर के 7 हुज्जाज़े किराम साबिर सिद्दीकी, हनीफ खान, रमज़ान खान , ज़रीना आपा, मजीद मैडम , समीना खान , सितारा बी शामिल हुए सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयां । कार्कम की समाप्ति के बाद पहलगाम मे आतंकवादी हमले मे शहीद हुए हमारे देश के नागरिकों को ख़िराजे अक़ीदत पेश की गई दो मिनट का मौन रख कर गम का इज़हार किया गया ।




### शादी का सीजन : कपड़े की दुकान पर लगी ग्राहकों की भीड़, लोग कर रहे खरीदारी

# कपड़ा, किराना और सराफा बाजार में रोजाना हो रहा लाखों का कारोबार

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

किसानों की उपज बिक्री के बाद और शादियों के सीजन के सीजन के चलते बाजारों में रौनक आ गई है। इस बार गेहूं की बंपर आवक होने से लोग खुशहाल हैं। अभी अप्रैल माह में विवाह के दो शुभ मुहूर्त हैं। इसके चलते बाजार में लोगों की भारी भीड़ है। वहीं मंडी में अपनी उपज बेचने के बाद किसान भी साल भर की खरीदी के लिए बाजार में आ रहे हैं। इसके चलते नगर में हर दिन लाखों रुपए का व्यापार-व्यवसाय हो रहा है। शादियों की तैयारी के लिए लोग खरीदारी में जुट गए हैं। इस कारण बाजार में ग्राहकों की भीड़ लग रही है। अप्रैल से जून तक क्षेत्र में सैकड़ों विवाह आयोजन होने का अनुमान है। इनमें लाखों रुपए खर्च होंगे, इससे इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होना है। इसके लिए समाज के लोगों द्वारा तैयारियां भी की जा रही है। अक्षय तृतीया पर विवाह का बड़ा मुहूर्त हैं, इसमें नगर में दर्जनों विवाह होंगे। व्यापारियों के मुताबिक इस समय बाजार में ग्राहकों की भीड़ है, जो अपने बच्चों की शादी की तैयारियों में जुटे हैं।



### बर्तनों की हो जमकर बिक्री

बाजार में शगुन के लिए पीतल के बर्तनों की जमकर खरीदी हो रही है। इसके साथ स्टील के बर्तन भी लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा कई लोग अपने रिश्तेदारों के विवाह में उपहार के लिए स्टील के बर्तनों के साथ इलेक्ट्रिक आइटम भी गिफ्ट पैक करवा कर उपहार के लिए खरीद रहे हैं।

### किराना और कपडे की भी हो रही बिक्री

विवाह मुहर्त के चलते कपड़ा और किराना सामान की भी जमकर बिक्री हो रही है। शादी-विवाह के चलते रिसेप्शन और पंगत के लिए लोग किराना दुकानों पर सामान की खरीदी कर रहे है। इसके साथ ही नगर के कपड़ा और ज्वेलर्स की दुकानों में भी भारी भीड़ लग रही है।

### आठ जून तक विवाह

इस बार अप्रैल माह में 21 अप्रैल के बाद 29 और 30 अप्रैल को दो शुभ मुहूर्त हैं। इनमें नगर सहित ग्रामीण अंचल में सैकड़ों विवाह आयोजित किए जाएंगे। नगर के पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि मई माह में 1, 5, 6, 8, 9, 10, 15, 17, 22 और 23 जुलाई को मुहूर्त हैं। इसके साथ ही जून में 1, 2, 5, 7 और 8 को विवाह होंगे। इसके के लिए लोगों ने पहले से ही गैरिज गार्डन बुक करा लिए है। वहीं जिन लोगों को मैरिज गार्डन नहीं मिले है वह अपने घरों के बाहर टेंट आदि लगाकर विवाह करेंगे। उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त के चलते नगर के सभी गैरिज गार्डन और धर्मशालाएं आदि बुक हैं।

## शा. एसएनजी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एवं सचिव/न्यायाधीश विजय कुमार पाठक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह की उपस्थिति में गत दिवस 22 अप्रैल 2025 को शासकीय एस.एन.जी. हा.से. स्कूल नर्मदापुरम् में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव/न्यायाधीश विजय कुमार पाठक द्वारा नालसा (नालसा पीडीतों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेंवाएं) योजना अंतर्गत नवयुवको, किशोरो, बालकों एवं छात्रों में ड्रग तस्करी एवं दुरूपयोग की असाधारण वृध्दी की रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं किसी भी तरह के व्यसन ना करने की समझाइश दी गई।

शिविर में बच्चों से संबंधित अपराध, पॉक्सो एक्ट, गुड-टच, बेड-टच, संवैधानिक अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, एफ.आई.आर., मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, साइबर लॉ आदि कानूनो की

## राज्यपाल पटेल ने संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को सम्मानित किया

**सशस्त्र सेवा झंडा दिवस पर लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण करने पर कमिश्नर को मिला सम्मान**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने झंडा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि जमा करने पर नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को सम्मानित किया। बुधवार को राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को सम्मानित करते हुए राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जन सहयोग से नर्मदापुरम संभाग में लक्ष्य से अधिक राशि का संग्रहण हुआ है जो एक बहुत बडी उपलब्धि है। उन्होने लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि का संग्रहण करने पर संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी के प्रयासों की सराहना की तथा सहयोग कर्ताओं का भी आभार माना।



उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम संभाग के हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले को सशस्त्र सैनिकों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस वर्ष 2023-2024 के लिए नर्मदापुरम जिले को 5 लाख 99 हजार 500 रूपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके विरूद्ध नर्मदापुरम जिले में जन सहयोग से 06 लाख 08 हजार 482 रूपये का संग्रहण किया गया। वहीं हरदा जिले में 02 लाख 50 हजार 800 रूपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध 05 लाख 67 हजार 46 रूपये का संग्रहण किया गया तथा बैतूल जिले में 06 लाख 91 हजार 900 रूपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके विरूद्ध 06 लाख 98 हजार 231 रूपये का संग्रहण किया गया है।

## पुलिस ने चोरी गए ट्रेक्टर-ट्राली को आरोपियों से किया बरामद

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम झराली से अज्ञात चोरी के द्वारा टेऊक्टर ट्राली को चुराकर ले गए थे तेंदूखेड़ा पुलिस ने तीन दिन के अंदर अज्ञात चोरो को पकडकर टेऊक्टर ट्राली जप्त की गई है। साथ ही तीनो आरोपियो को आज न्यायालय में पेष किया जाएगा। ज्ञात हो कि दिनांक 20 अप्रेल 2025 को प्रार्थी किशन पिता चेतराम केवट उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम झरौली थाना तेन्दूखेड़ा ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि घर के पास से नया बिना नंबर का स्वराज कम्पनी का नीला 742 ट्रेक्टर मय ट्राली के दिनांक 19 अप्रेल 2025 को रात्रि में करीब 11.30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गए है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 155/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना के दौरान तलाश में आरोपीगण राजा पिता जीवन गौड़ ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम झरौली थाना तेन्दूखेड़ा, छोटे सींग पिता मुन्ना सींग गौड़ ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम महगुवां खुर्द थाना तेन्दूखेड़ा, आकाश पिता डब्बल सींग गौड़ ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पांडाझिर थाना तेन्दूखेड़ा से पूछताछ की गई और आरोपियो के द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपी राजा ठाकुर से मामले में चोरी गया ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी का मय ट्राली के बरामद किया गया।

गठित टीम में उपनिरी, नीतेश जैन थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. महेश ठाकुर, आर. रणधीर दांगी, आर. रणजीत राणा, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. नीरज नामदेव, सलीम खान मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड सदस्य से मारपीट करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

श्री विश्वकर्मा बंसीसेना ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें

मांग की गई है कि राधेश्याम विश्वकर्मा आगर मालवा जो कि विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के सदस्य हैं और गौ उत्थान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जिनके साथ स्थानीय विधायक आगर मालवा मधु गहलोत एवं उनके समर्थकों के द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई है और उनको मरा हुआ समझकर एकांत जगह पर फेंक कर चले गए क्योंकि राधेश्याम एक शासन के व्यक्ति है समाज के जिम्मेदार व्यक्ति है और ऐसे ही व्यक्ति के ऊपर इस तरीके का जानलेवा हमला होना बहुत ही निंदनीय है संपूर्ण समाज इसका विरोध करती है। प्रशासन से मांग करती है कि दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा, संभाग उपाध्यक्ष राजनारायण विश्वकर्मा,

शिवचरण पांचाल, राकेश विश्वकर्मा, किशन लाल, विश्वकर्मा भारत सिंह विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा बलराम विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** सड़कों पर पसरा सन्नाटा और झुलसाती रही धूप की तेज किरणें हीट स्ट्रोक से बचने चिकित्सकों की सलाह

# गर्मी के तीखे तेवर : सूनी पड़ी नगर की सड़के, तपने लगी छत और दीवारें

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

नगर एवं क्षेत्र में गर्मी ने अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तेज किरणों ने लोगों को छांव में रूकने के लिए मजबूर कर दिया। पिछले एक सप्ताह पहले से दिन मे क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया। गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए तो वहीं पशु पक्षियों की भी परेशानी बढ़ गई है। बुधवार दोपहर नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। तेज सूर्य की किरणों ने लोगों को परेशान कर दिया। वहीं धूप में निकले लोग अपने आप को कपड़ों से ढंककर निकले। नगर में दोपहर 2 बजे असहनीय गर्मी महसूस की गई। जहां इंसान तो दूर पशु-पक्षी भी गर्मी से व्याकुल नजर आए। ऐसे में लोग सड़क किनारे छाव में खड़े होने जगह तलाशते देखे गए। नगर, मै गर्मी से



सूनी पड़ी सड़क। हीट स्ट्रोक से बचने चिकित्सकों की सलाह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीवीएमओ के डॉ. आर आर बागरी ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। तेज गर्मी में लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बाहर के खाने पीने से बचने की सलाह दी।



उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोग ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पिएं। खाने में फल और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, क्योंकि गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक लू का खतरा बना रहता है और इस समय उल्टी दस्त की शिकायत भी हो जाती है। अस्पताल में भी गर्मियों में उल्टी दस्त के मरीज ज्यादा आते हैं। इसीलिए तेज धूप में निकलने से पहले अपने हाथ-पैरों पर सनस्क्रीन लगाएं और अपने नाक और मुंह को कपड़े से ढककर निकलें। बुधवार को तेज गर्मी ने अपने तेवर दिखाए तो लोग अपने घरों में बिना कूलर, पंखे के घरों में नहीं रह सके, तो वहीं तेज धूप से मकानों की छत और दीवारों की तपन से भी लोग परेशान दिखे। नगर सहित अन्य मार्गों पर जहां दो पहिया व पैदल लोगों की भीड़ रहती थी, वहां दोपहर में इक्का दुक्का लोग ही नजर आए और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

### स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा

# जीर्णशीर्ण भवनो में कक्षाएं संचालित ना हो : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रोत्साहन देते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए है कि एक भी जीर्णशीर्ण शाला भवनों में कक्षाएं संचालित ना हो। बीआरसी भ्र्मण कर नजदीक के शासकीय भवनो में कक्षाएं संचालित करने के प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। शासकीय स्कूलो के विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास में बढोतरी हो इसके लिए शैक्षणिक गतिविधियों के नवाचारो का उपयोग कर खेल-खेल में अध्ययन कार्यो में निपुण करें।



कलेक्टर द्वारा आयोजित इस बैठक में कक्षा एक से लेकर पांच तक के विद्यार्थियों हेतु जिले में किए जा रहे प्रबंधो की बिन्दुवार समीक्षा की गई। पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई जानकारियों में शासकीय स्कूलो में दाखिला, पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, आगामी सत्र में संभावित विद्यार्थियों की संख्या, गणवेश वितरण हेतु पिछले वर्ष के फैल खातो की जानकारियां, जिले में संचालित छात्रावासो के उन्नयन और विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के साथ-साथ स्वरोजगारमुखी क्षेत्र में आत्म सबल की और बढे इसके लिए शासकीय आईटीआई की विभिन्न टेड्डो में दाखिला दिलाने के संबंध में निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर ने जिले के शासकीय स्कूलो में कक्षा एक से आठ तक में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रदाय किए जाने वाले भत्ता की जानकारियां प्राप्त की गई। इसके अलावा सीडब्ल्यूएसएन नामांकन, साक्षरता सर्वे तथा प्राप्त बजट का विभिन्न कार्यो में व्यय इत्यादि की समीक्षा की गई है।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु संचालित योजनाओं और उनकी प्राप्ति की पृथक-पृथक विषयवार नियुक्त नोडलो के माध्यमों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उनका स्वास्थ्य परीक्षण स्कूलो में शिविर आयोजित कर कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है और चिन्हांकित बच्चों को मेडिकल फेसिलिटी समय पर मिले के प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों में खेलो के प्रति रूझान बढे और दिव्यांगजनो की राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोतिगता में शामिल होकर खेलो के माध्यम से अपने हुनर से ख्याति अर्जित कर जिले का नाम गौरवान्वित करें। इसके लिए दिव्यांगजनों को खेलो के प्रशिक्षण की सुविधाएं मुहैया कराने और खेलो का वार्षिक कैलेण्डर जारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं इसके अलावा सभी विद्यार्थियों के आधार, समग्र आईडी बनाने का कार्य किया जाए वहीं ऐसे विद्यार्थी जिन्हें शासन के दिशा निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने है यह कार्य शैक्षणिक सत्र के प्रथम सत्र में ही पूरा कर लिया जाए ताकि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना रहें खासकर छात्रवृत्ति को उन्होंने रेखांकित किया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के छात्रावासो में रहने वाले विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतियोगिताओं का हो और विभिन्न प्रकार की जानकारियां सुगमता से प्राप्त हो इसके लिए छात्रावासी विद्यार्थियों का भ्रमण कार्यालयो में कराने तथा कानूनी जानकारी देने और पुस्तकालय संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन पुस्तकालयो में अंग्रेजी भाषा के पेपर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के शासकीय स्कूलो में अधिक से अधिक एनसीसी एनएसएस व स्काउट नवीन स्कूलो में शुरू कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यो को संपादित करने वाले सभी उपयंत्रियों को निर्देश दिए है कि स्कूल शिक्षा विभाग की पूर्व में निर्मित सभी सम्पतियां संबंधित ग्राम पंचायत की सम्पत्ति पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने सभी बीईओ, बीआरसी को निर्देश दिए है कि बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन के लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हो जाती है तब तक मुख्यालय ना छोड़े। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में डीपीसी के द्वारा विभागीय कार्यो की जानकारियां प्रस्तुत की गई वहीं कार्य विशेष के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा जानकारियां सांझा की गई है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर व स्कूल शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत अन्य विभागो के अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के समस्त एपीसी, सहायक यंत्री, बीईओ, बीआरसी, उपयंत्री, बीएसी, एमआईएस समन्वयक, डाटा इन्ट्री आपरेटर, एमआरसी, लेखापाल मौजूद रहें।

## 100 से ज्यादा शाखा डाकघरों में शुरू हुई आधार से जुड़ी विशेष सेवाएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा अब आधार कार्ड से जुड़ी जरूरी सेवाएं आपके अपने नजदीकी डाकघर में सहजता से उपलब्ध हैं। भारत डाक विभाग द्वारा विदिशा जिले के विभिन्न गांवों में सीईएलसी Child Enrolment Light Client केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आधार कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता से दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

डाकघरों में आधार नामांकन की यह सेवा न केवल निःशुल्क है, बल्कि दस्तावेजी प्रक्रिया भी सरल और सुविधाजनक है। अभिभावक अपने छोटे बच्चों का नामांकन पास के किसी भी डाकघर में जाकर आसानी से करवा सकते हैं। अभिभावक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक में से किसी एक का आधार कार्ड ओर एक्टिव मोबाइल नंबर ला कर नजदीकी डाकघर से आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

इसके अलावा, देश के किसी भी भाग से आने वाले नागरिक अपने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट केवल 50 रुपये के मामूली शुल्क में करवा सकते हैं। मोबाइल नंबर अपडेट होने से नागरिकों को ओटीपी आधारित सेवाएं, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अन्य डिजिटल सेवाएं प्राप्त करने में आसानी होती है।

## नगरपालिका अमले ने नगर की छोटी गलियों में चलाई अतिक्रमण की मुहिम, सामान किया जप्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शहरों में तेजी से हो रहा है अबैध अतिक्रमण के कारण आम से लेकर खास को परेशानी होती इससे निजात दिलाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के अमले ने बुधवार को शहर के अनेक इलाकों में अवैध तरीके से अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे तथा सड़को पर जाम की स्थिति बनाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की।



नपा एवं पुलिस के संयुक्त दल के रूप में नपा प्रांगण से यह अभियान शुरु होकर यह अतिक्रमण विरोधी अमले ने काला बाजार से शुरुआत की। इस दौरान नपा कार्यालय के बगल में कब्रिस्तान की दिवाल से सटकर अवैध रूप से चाय गन्ने फल के खड़े होने वाले ठेलो से समान की जप्ती की। इसके बाद यह आमला काला बाजार होता हुआ नगर के सबसे व्यस्तम एरिए पटवाटोला एवं भूतेश्वर पथ स्थित बाजार में पहुंचा। यह सड़क पर दुकानदारी कर रहे चाट ठेले वालों को सख्त हिदायत देते हुए अभियान का नेतृत्व कर रहे नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने दुकानदारों से सड़क तक फैलाकर रखी दुकानों तथा यहां वहां बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को दुरुस्त करने की बात कही। इसके बाद यह अमले ने चांदनी चौक टॉकीज चौराहे कोर्ट गेट तलैया, पुराना बस स्टैंड तक सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाकर सामान को जप्त किया। जप्त सामान तहसील कार्यालय वापस ले सकते हैं।

## पीएम जनमन योजना तहत जिले को पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट बैन प्राप्त हुई

**विदिशा जिले के 134 ग्रामों में जनजातीय समूह पीव्हीटीजी बेगा, सहरिया, भारिया परिवारों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ**




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा पीएम जन मन योजना अन्तर्गत जिले के सातों विकासखण्डों के 134 ग्रामों में जनजातीय समूह पीव्हीटीजी बैगा, सहरिया, भारिया परिवारों के विशेष रूप से कमजोर जन जातीय समूह को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले को पांच मोबाईल मेडिकल यूनिट बैन प्राप्त हुई हैं। जिनमें प्रत्येक बैन में स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं प्रबंधन हेतु एक एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स, एएनएम, फिजियोथैरेपिस्ट, लैब टेक्नीशियन तथा एक वाहन चालक की पदस्थापना की गई है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से समस्त स्टाफ द्वारा चिन्हित ग्रामों में पहुंचकर निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करना है, जिनमें निशुल्क चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व पश्चात देखभाल, हाई रिस्क चिन्हांकन एवं उनका प्रबंधन, कम वजन एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की देखभाल हेतु उचित परामर्श एवं स्तनपान को बढ़ावा देना, जन्मजात विकृतियों का चिन्हांकन कर प्रबंध करना, टीकाकरण, दस्त रोग, श्वसन रोग की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की उपलब्धता एवं जागरूकता, सिकल सेल एनीमिया की पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की जांच, उपचार एवं परामर्श आदि शामिल है।

## 7 उचित मूल्य की दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी एसडीएम विनीत तिवारी ने अनुभाग क्षेत्र में उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ईकेवाईसी किए जाने हेतु निर्देशित किया है। निर्देशों के बाद भी अनुभाग क्षेत्र की 7 उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं के द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में एक भी हितग्राही की ईकेवाईसी नहीं की गई है जिसके फलस्वरुप सातों दुकान विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस में उचित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा दुकान निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

**हितग्राहियों के ई-केवाईसी पर दिया जा रहा जोर, अभियान अवधि में शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित हो**

जिन दुकानों विक्रेताों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है उनमेंम शासकीय उचित मूल्य दुकान धीरगढ़ के दुकान विक्रेता विक्रम लोधी, झिरारी रामेश्वर धाकड़, बलरामपुर शाहिद खान, उनारसी कला रनजीत यादव, तिलोनी ज्ञान सिंह, लालचिया जीवन लाल और ताजपुर के दुकान विक्रेता शिवओम दुबे। जारी पत्र में उल्लेख है कि ऑनलाइन वितरण रिर्पोट अनुसार, दुकान में सलग्न हितग्राहियों की ईकेवायसी अभियान 30 अप्रैल 2025 तक किया जाना है लेकिन इन सात शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं द्वारा आज दिनांक तक एक भी ईकेवायसी नहीं की गई है।

## जिला न्यायालय परिसर में वृक्षों पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए

**सिरोंज।** विदिशा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये आज मंगलवार को पंच-ज अभियान अतंर्गत एनजीओ द्वारा वुमन चाइल्ड केयर सोसायटी के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर विदिशा में लगे वृक्षो पर पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था हेतु सकोरे लगाये गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा श्री जाकिर हुसैन द्वारा न्यायालय के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि, इन सकोरों में नियमित रूप से हर रोज सुबह शाम पानी की व्यवस्था करें। न्यायालय विदिशा के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री नीतेन्द्र सिंह तोमर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमति दिव्या भलावी एवं लीगल एड डिफेंस काउसिंल विदिशा चीफ सुरजीतसिंह सिकरवार, असिस्टेंड विनोद कुशवाह, असिस्टेंड अनिमेष तिवारी द्वारा वृक्षो पर सकोरे लगाये गये।



## अभिभाषक संघ ने पहलगाम घटना की कड़ी निंदा करते हुए ज्ञापन सौंपा

**सिरोंज।** बुधवार को अभिभाषक संघ ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई नृशंस बर्बरता पूर्ण की गई हत्याओं की अभिभाषक संघ घोर निंदा करता है । तथा भारत सरकार से इस कायरतापूर्ण कृत्य के विरोध में शीघ्र अति शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग करता है। इस दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी, अवध नारायण श्रीवास्तव ,काशीराम रघुवंशी,, हेमंत श्रीवास्तव ,धर्मेंद्र रघुवंशी , रामस्वरूप यादव, अशोक शर्मा, श्री राम सूर्यवंशी ,मितेश गुजराती ,प्रवेंद्र दागी , प्रकाश शर्मा , अमित रघुवंशी ,जाहिद खान सचिन शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। वहीं नगर के नया बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आतंकवाद का पुतला दहन किया और भारत सरकार से ऐसी मांग की जिन लोगों के परिजन इस आतंकवादी हमले में नहीं रहे उनको सरकार सुरक्षा दे एवं उनके परिवार वालों को नौकरी प्रदान करें आतंकवादी हमले में मारे गए दिव्यांग आत्माओं को संगठन ने 2 मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से इनके लिए प्रार्थना की ।



## नेशनल लोक अदालत का आयोजन दस को, तैयारियों का जायजा

**सिरोंज।** विदिशा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में दस मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बुधवार को नेशनल लोक अदालत आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। आयोजित बैठक में नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु बैंक, विद्युत विभाग एवं विदिशा नगरपालिका के अधिकारियों के साथ संवाद किया गया हैं जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में आयोजित बैठक में संबंधितो से अपेक्षाएं व्यक्त की गई कि नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार विभिन्न स्तरो पर कराया जाना सुनिश्चित हो। जिन प्रकरणो को प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकृत किया जा सकता है एवं उन प्रकरणो में पक्षकारो को समझौता, वार्ता के लिए समय पर नोटिस जारी कर प्रीसिटिंग में संबंधित पक्षकारो को समझाईश दी जाए ताकि उनके प्रकरणो को न्यायालय में दर्ज होने के पूर्व नेशनल लोक अदालत में निराकृत किया जा सके। सभी विभागो को प्रीलिटिगेशन प्रकरण तैयार कर समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को शीघ्र प्रेषित कराने के निर्देश दिए गए है।

## हज पर जाने वाले 118 यात्रीयों ने सिरोंज में वैक्सिनेशन कराकर लिया प्रशिक्षण

**सिरोंज।** मप्रराज्य हज कमेटी के निर्देशानुसार विदिशा जिले से सन 2025 में हज पर जाने वाले हज यात्रीयों का जिला स्तरीय टीकारण एवं प्रशिक्षण जिला हज कमेटी विदिशा के अध्यक्ष द्वारा बुधवार को सिरोंज स्थित लेक सिटि कालोनी के हॉल में आयोजित किया गया सुबह 9 बजें से प्रारम्भ हुए टीकारण एवं प्रशिक्षण में सुबह से ही जिले कि विभिन्न तहसीलो से आए हज यात्रीयों ने टीके लगवाए एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया।



जानकारी के अनुसार हज यात्रा पर जाने वाले 133 हज यात्रीयों में से 118 ने सिरोंज में टीके लगवाए एवं ट्रेनर से प्रशिक्षण प्राप्त किया शेष 15 साथीयों को विदिशा में 27 अप्रेल को टीके लगाए जाएंगे एवं ट्रेनर अब्दुल वहाब (जुनेद) द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा

## 52 सेल्समैनो को शोकॉज नोटिस जारी

**सिरोंज।** विदिशा राशन कार्डो उपभोक्ताओं की ईकेवायसी कार्यो में कोताही बरतने वाले 52 उचित मूल्य दुकानो के सेल्समैनो को शोकॉज नोटिस जारी किा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अनिल तंतुवाय ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी राशन उपभोक्ता कार्डधारको की ईकेवायसी जारी निर्देशो के अनुसार कराया जाना आवश्यक हैं। ईकेवायसी के कार्यो की प्रगति कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री तंतुवाय ने बताया कि ईकेवायसी कार्यो में रूचि प्रदर्शित नहीं करने पर जिन उचित मूल्य दुकानो के सेल्समैनो को कारण बताओं पत्र जारी किए गए है उनमें नटेरन तहसील में सर्वाधिक 22 सेल्समैनो को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है बासौदा में 17, लटेरी में सात और विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में छह सेल्समैनो का शोकॉज नोटिस जारी किए गए है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया

# मरीजों के इलाज इत्यादि की सुविधाओं में कमी न होने पाए : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय में पहुंचकर विभिन्न वार्डो के साथ-साथ ओपीडी कक्षों का जायजा लिया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य चिकित्सकों व स्टाफ को निर्देश दिए कि मरीजों को मुहैया कराई जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं की पूर्ति में कहीं भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने मरीजों के परिजनों को बैठने के लिए कुर्सियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने आज श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जायजा लिया और मौजूद चिकित्सकों एवं अधिनस्थों से संवाद किया है। उन्होंने ओपीडी का सूक्ष्म निरीक्षण कर सभी विभागों में डॉक्टर और कर्मचारियों एवं मरीजों से बातचीत कर सिविल सर्जन डॉक्टर आरएल सिंह एवं हॉस्पिटल मैनेजर श्री हिमांशु बाजपेई को आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात सीटी स्कैन, ट्रामा वार्ड, एसएनसीयू, शिशु वार्ड आदि का निरीक्षण किया है।




कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तदानुसार हॉस्पिटल के सभी वार्डो मे जरूरी उपकरण दिलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

सभी वार्डो के बाहर मेट डलवाना हेतु निर्देशित किया गया है। सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को अपने गणवेश मे आने हेतु आदेशित किया गया है। अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था को और अच्छी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए आ रहे लाभार्थी हेतु दिशा-निर्देश युक्त साइन बोर्ड लगवाने, जिला चिकित्सालय के बाहर वाहन पार्किंग आदि को व्यवस्थित कर वाहन पार्क कराने, मरीजो एवं उनके परिजनों के लिए बैठने की उचित व्यवस्ता कराने, ड्यूटी रोस्टर आदि का वार्डो एवं ओपीडी मे लगवाने, वर्तमान मे संचालित टेंडर एवं आगामी टेंडर जिसकी अवधि खत्म होने वाली है की सूची उपलब्ध कराने और फायर ऑडिट हेतु लगने वाले उपकरण की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर आर एल सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी स्वास्थ्य श्रीमती मोहिनी शर्मा, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, डॉक्टर पीसी मांझी, आरएमओ श्री हिमांशु वाजपेई हॉस्पिटल मैनेजर मौजूद रहे।

## 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी टीम इंडिया

# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अक्टूबर-नवंबर में

## सभी 8 मुकाबले अलग-अलग वेन्यू पर होंगे

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय मेंस क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। इस दौरान भारत मेजबान टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। अनोखी बात ये है कि भारत के ये 8 मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। दरअसल, रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 सीजन में खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के सभी इंटरनेशनल मैचों का शेड्यूल जारी किया। इसके तहत पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने सभी 6 राज्यों और 2 यूनियन टेरेटरी में इंटरनेशनल मैच खेलेगी। भारत के अलावा साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड भी इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे।



**वनडे में 152 बार भिड़े भारत-ऑस्ट्रेलिया:** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 152 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 58 मैच जीते, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 84 बार जीत दर्ज की। वहीं 10 मुकाबले बिना नतीजे के समाप्त हुए। वहीं दोनों टीमों ने 32 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें से 11 ऑस्ट्रेलिया ने और 21 भारत ने जीते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में पिछली टेस्ट सीरीज हार चुका है भारत

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल ही टेस्ट सीरीज भी खेली थी। नंवबर में शुरू हुई 5 टेस्ट की सीरीज टीम इंडिया ने 3-1 से गंवा दी थी। भारत ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में 1 मैच जीता था, लेकिन टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 2 मैच हार गई। बुमराह की कप्तानी में टीम ने आखिरी मुकाबला भी गंवाया था।

### अगस्त में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी-20 खेलेगी। सभी मैच 10 से 24 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। मैच डार्विन, कैर्न्स और मैकाय के 3 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। इंग्लैंड टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल 21 नवंबर से 8 जनवरी के बीच पांच टेस्ट मैच की ऐशेज सीरीज खेलगी। ये सभी मैच 5 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

## 8 महीने बाद खाते में आई ट्रॉफी

# कार्लोस अल्कारेज ने जीता इंडियन वेल्स का खिताब

**कैलिफोर्निया, एजेंसी**



स्पेन के 20 साल के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने इंडियंस वेल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने डेनियल मेदवेदेव को हराकर खिताब अपने नाम किया। नोवाक जोकोविच के बाद अल्कारेज इस खिताब को डिफेंड करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। पिछले साल विंबलडन के बाद उन्होंने कोई खिताब नहीं जीता था। डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने इंडियन वेल्स ओपन टेनिस के पुरुष सिंगल्स फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को हरा दिया है। उन्होंने इस मैच को सीधे सेट में 7-6, 6-1 से अपने नाम किया। यह पिछले साल विंबलडन चैम्पियन बनने के बाद 20 साल के अल्कारेज का पहला खिताब है। अल्कारेज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे।

**अल्कारेज ने पहले सेट में की दमदार वापसी:** कार्लोस अल्कारेज की यह इंडियन वेल्स में लगातार 12वीं जीत है। उन्हें फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। पहले सेट में एक समय मेदवेदेव 3-1 से आगे चल रहे थे। यहां से अल्कारेज ने वापसी की करते हुए पहले सेट को टाइब्रेकर में अपने नाम किया। यह सेट 1 घंटे 10 मिनट चला। लेकिन दूसरे सेट में स्पेन के अल्कारेज ने मेदवेदेव को कोई मौका नहीं दिया और सेट जीतने के साथ ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। उन्होंने इंडियन वेल्स में खिताब जीतने के बाद कहा, 'मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। हर मैच के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था। मास्टर 1000 स्तर के टूर्नामेंट को फिर से जीतना, आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देता है।' वह नोवाक जोकोविच के 2014 से 2016 तक लगातार तीन बार चैम्पियन बनने के बाद इस खिताब का बचाव करने वाले पहले खिलाड़ी है।


**स्वियातेक महिलाओं की चैंपियन:** इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में 6-4, 6-0 से करारी शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। स्वियातेक की इस साल 22 मैचों में यह 20वीं जीत है।

# स्विस ओपन बैडमिंटन में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**दुबई, एजेंसी**

लक्ष्य सेन स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस 22 साल के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (लगभग 1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे।





वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे।

सिंधू ने बायें घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गयी थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने के कारण मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में अन्य भारतीय आकर्षी कश्यप को कड़ा ड्रा मिला है। वह अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। अच्छी लय में चल रही तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। 8वीं वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में अमेरिका की एनी जू और केरी जू की जोड़ी से होगा।

## मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी 06 मिनट में जीता मुकाबला

**लंदन.** मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 2-0 से जीत हासिल की। मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी छह मिनट में जीत हासिल की। 83वें मिनट में कोई टीम गोल नहीं कर सकी लेकिन 84वें मिनट में निको ओरिले ने गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद इंजुरी टाइम के दूसरे मिनट में माटियो कोवासिस ने गोल करके टीम को 2-0 से जीत दिला दी। मैनचेस्टर सिटी की टीम एवर्टन के खिलाफ 16 मैचों से अजेय हैं। इस दौरान मैनचेस्टर सिटी ने 13 जीते व तीन ड्रॉ खेले हैं। मैनचेस्टर सिटी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में लगातार पांचवां मुकाबला भी जीता। टीम 33 में से 17वीं जीत के साथ चौथे स्थान पर है। वहीं, एवर्टन को 33 मैचों में 11वीं हार झेलनी पड़ी और वो 13वें स्थान पर है। इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक अन्य मैच में ब्रेंटफोर्ड ने ब्रायन बेयूमा के जबरदस्त प्रदर्शन से ब्राइटन को 4-2 से शिकस्त दी। ब्रायन ने मैच के नौवें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद उन्होंने मैच के 48वें मिनट में गोल किया।

उनके अलावा, योने विसा ने 58वें

# नई शुरुआत : युवराज की मदद से कनाडा में शुरू होगी टी-10 लीग

**नई दिल्ली.** पूरी दुनिया में कई क्रिकेट लीग हैं और अब एक और नई लीग शुरू होने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में इस साल जुलाई से टी-10 क्रिकेट लीग की शुरुआत होने जा रही है। खास बात यह है कि इस लीग को भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज युवराज सिंह का समर्थन मिला हुआ है। इस लीग का नाम कनाडा सुपर-60 होगा। इस लीग में महिला और पुरुष टीमें शामिल होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस लीग के लिए अब तक कुल 1300 खिलाडियों ने साइन किए हैं। इसमें 1,135 पुरुष और 235 महिला क्रिकेटर शामिल हैं। इस साल जुलाई से होगा आयोजन

खेलने पर संशय हालांकि अभी यह जनकारी नहीं मिली है कि युवराज सिंह इस लीग में खेलने उतरेंगे या नहीं लेकिन कई दिग्गज क्रिकेटरों ने इस लीग में खेलने के लिए मंजूरी दे दी है। आयोजकों के अनुसार इस लीग के लिए खिलाड़ियों का चयन ड्रॉफ्ट के जरिए किया जाएगा।



## मेट्रो बाजार

# 650 करोड़ खर्च कर मदर डेयरी बनाएगी दो नए प्रोसेसिंग प्लांट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली और नेशनल कैपिटल रीजन में प्रमुख दूध सप्लायर मदर डेयरी दो और नए प्लांट्स बनाने के लिए करीब 650 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करने जा रही है। नए प्लांट में कंपनी दूध और फलों को प्रोसेस करेगी। कंपनी इससे बढ़ती मार्केट डिमांड को पूरा करेगी। इसके अलावा मदर डेयरी अपनी मौजूदा प्लांट की कैपेसिटी बढ़ाने के लिए 100 करोड़ और इन्वेस्ट करेगी।

मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष बंदलिश ने कहा, हम अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और कस्टमर्स तक पहुंच बढ़ाने के लिए अपने प्रमुख जगहों पर अपनी डेयरी प्रोसेसिंग कैपेसिटीज के विस्तार के लिए 750 करोड़ रुपए खर्च करने वाले हैं। नागपुर में 525 करोड़ की लागत से डेयरी प्लांट बना रही कंपनी




मनीष ने बताया कि कंपनी लगभग 525 करोड़ के इन्वेस्टमेंट से महाराष्ट्र के नागपुर में एक बड़ा डेयरी प्लांट लगा रही है। इस प्लांट में रोजाना 6 लाख लीटर दूध की प्रोसेसिंग होगी, जिसे बाद में बढ़ाकर 10 लाख लीटर किया जाएगा। यह प्लांट देश के साउदर्न रीजन में सर्विस प्रोवाइड।

कर्नाटक में फ्रूट प्रोसेसिंग प्लांट बनाएगी कंपनी

कंपनी अपने ब्रांड को कर्नाटक में भी बढ़ा रही है।

# ग्लोबल स्मार्टफोन कंपनियां भारत आने को तैयार!

**मुंबई, एजेंसी**

अमरीका-चीन के बीच ट्रेड वॉर से भारत को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। चीन पर अमरीका के भारी शुल्क और चीन की जवाबी कार्रवाई से स्मार्टफोन और लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर बनाने वाली वैश्विक कंपनियां अपने उत्पादन का पूरा या आंशिक हिस्सा भारत में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही हैं। काउंटर प्वाइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में चीन की स्मार्टफोन उत्पादन में वैश्विक हिस्सेदारी 64 फीसदी थी, जो अमरीकी टैरिफ और तनाव जारी रहने पर तेजी से घट सकती है। वर्ष 2026 तक वैश्विक स्मार्टफोन उत्पादन में चीन की हिस्सेदारी तेजी से घटकर 55त्न पर आ सकती है। रिपोर्ट में कहा, भारत की वैश्विक स्मार्टफोन उत्पादन में हिस्सेदारी 18त्न से बढ़कर 2026 तक 28 फीसदी तक हो सकती है। एपल इंक और सैमसंग की ओर से भारत से निर्यात बढ़ाने के कारण ऐसा होने की संभावना है। ग्लोबल लेवल पर निर्यात होने वाला 20 फीसदी आइफोन भारत में असेंबल होता है, यह 2025-26 तक बढ़कर 25 फीसदी और 2026-27 तक 35 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। ताइवान बिगाड़ सकता है खेल... लैपटॉप बनाने वाली कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में ताइवान को देख रही हैं। ऐसे में ताइवान भारत का खेल बिगाड़ सकता है। 2024 में डेल का 79 फीसदी उत्पादन चीन में हुआ।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# रति पांडे झेल चुकी हैं भेदभाव, अच्छे मौकों को गंवाने का अफसोस

टीवी एक्ट्रेस रति पांडे, जो अब खेसारी लाल यादव के साथ भोजपुरी फिल्म 'रंग दं बसंती' में नजर आई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी टीवी की दुनिया से जुड़ी कुछ बातें की हैं। उन्होंने बताया कैसे अपनी पसंद के कारण, अच्छे मौके हाथ से चले गए। 'हिटलर दीदी' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस रति पांडे भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' में नजर आई थी। उसी के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने अपने साथ होने वाले भेदभाव का भी जिक्र किया। साथ ही इन्होंने कई प्रोजेक्ट्स को हाथ से जाने के बारे में भी बताया। रति पांडे ने एक इंटरव्यू में प्रोजेक्ट्स को खोने का अफसोस जताया। कहा, मेरा मानना है कि मिले जब हम तुम और हिटलर दीदी मेरी लाइफ का सबसे अच्छा पल था और मैंने उस दौर को खूब इंजॉय भी किया। उसके बाद मेरी चॉइस ऐसी थी कि डाउनफॉल भी आया। कई बार ऐसा लगता है कि अगर थोड़े पैसे कम करके वो प्रोजेक्ट कर लेती तो अच्छा होतालेकिन बीच में जितने भी डाउनफॉल आए हैं।



### अलग-अलग किरदार निभाए...

रति ने आगे कहा, मैंने हमेशा टेलीविजन पर हरेक शो को पूरा करने के बाद ब्रेक लेने का रूल बनाया और फॉलो भी किया। मैं हमेशा लंबा गैप लेती हूं क्योंकि मैं हर समय टेलीविजन के संपर्क में नहीं रहना चाहती थी। मैंने टीवी पर बतौर लीड अब तक जितने भी आठ शोज किए हैं, उनमें से जो भी किरदार मैंने किए हैं, सभी किरदार एक-दूसरे से काफी अलग थे। मैंने कभी कोई किरदार दोहराया नहीं। रति ने कहा, मुझे लगता है कि मैं काफी भाग्यशाली थी कि मैंने टीवी पर इतने सारे शोज लीड के रूप में हासिल किए।

# जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल ने ठुकराई 'वॉर 2'

फिल्म आरआरआर में जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल रहे ईश्वर हैरिस ने फिल्म वॉर 2 में काम करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि फिल्म के लिए जो फीस दी जा रही थी। वह बहुत कम थी। उससे उनकी फ्लाइट के खर्च नहीं निकल पाते। ईश्वर हैरिस ने बॉलीवुड की आलोचना करते हुए इसे साउथ इंडस्ट्री से बदतर बताया। ईश्वर हैरिस ने माना स्टार्स को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्हें फिल्म 'वार 2' के कुछ सीन्स के लिए जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल बनने के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने बहुत कम मेहनताने की वजह से ऑफर ठुकरा दिया। हैरिस के मुताबिक जो फीस उन्हें ऑफर हुई थी, वह बहुत कम थी। उससे हैदराबाद से मुंबई आने जाने के लिए फ्लाइट का खर्च भी नहीं निकल पाता। ईश्वान हैरिस ने कहा- मुझसे पूछा गया कि क्या मैं वॉर 2 में काम करना चाहूंगा? मैंने तुरंत हामी भर दी। मुझे अगली फ्लाइट से मुंबई आने के लिए कहा गया, लेकिन फीस इतनी कम बताया कि उससे मेरी फ्लाइट के खर्च को भी कवर नहीं हो सकते थे। ईश्वान हैरिस ने बॉलीवुड की आलोचना भी की। उन्होंने कहा- तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ज्यादा पैसे मिले। बॉलीवुड हमसे भी बदतर है। मुझे टॉलीवुड में उससे बेहतर पैसे मिल रहे हैं। जबकि 'वॉर 2' का बजट बहुत ज्यादा है। मुझे अच्छा पेमेंट मिलना चाहिए था।

# रणदीप हुड्डा बोले- 'वीर सावरकर' सबने मना किया था, इसलिए फिल्म करने की जिज्ञासा बढ़ी

रणदीप हुड्डा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। वे एक तरफ लिन लैशराम से अपनी शादी तो दूसरी तरफ 'स्वतंर्त्य वीर सावरकर' को लेकर खुलासा किया है। फिल्म से रणदीप पहली बार निर्देशक भी बन गए हैं। फिल्म में निर्देशन सहित अभिनय, सह-लेखन और निर्माण के साथ-साथ अपनी शादीशुदा लाइफ पर रणदीप ने कहा कि लोगों ने शुरुआती समय में उन्हें फिल्म करने के लिए मना किया था। लोगों ने कहा कि पॉलिटिकल पर्सन पर फिल्म करके कॉन्ट्रोवर्सी में फंस जाओगे। ये सब बात सुनकर रणदीप हुड्डा के मन में एक जिज्ञासा जगी और उन्होंने फिल्म करने के लिए हामी भर दी। स्वातंर्त्य वीर सावरकर' का ऑफर आया, तब पहली प्रतिक्रिया क्या थी? पहली चीज यह लगी कि मैं वीर सावरकर जैसा दिखता नहीं हूं। दूसरा, मेरे शुभचिंतक बोल रहे थे कि सावरकर जी पर फिल्म मत करो। तुम एक उम्दा कलाकार हो, तुम सावरकर जी की तरह खामखां एक पॉलिटिकल पर्सन बन जाओगे, कंट्रोवर्सी होगी। इन बातों से मेरी जिज्ञासा और बड़ी।

### खुद के डायरेक्शन में एक्टिंग करके कैसा फील हुआ?



मुझे काम करते हुए दो दशक से ऊपर हो गया है। अपने करियर के शुरुआत से ही सीन ओके होने के बाद कभी जाकर मॉनिटर नहीं देखता कि कैसा परफॉर्म किया है। अंदर से एक आवाज आ जाती थी। इसमें निर्देशक भी मैं ही था, सो पता था कि क्या चाहिए। कई बार मैं अपना ही शॉर्ट लेना भूल जाता था, क्योंकि दूसरे कामों में बिजी रहता था। एक अभिनेता के तौर पर कम और निर्देशक के तौर पर ज्यादा जु?ा रहा। फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के लिए काफी वजन कम किया। इस बारे में विस्तार से बताइए?

मैंने काफी पहले से वजन कम करना शुरू कर दिया था। दरअसल कुछ समय पहले मेरा घुटना टूट गया था। इस वजह से 8 सप्ताह बिस्तर पर पड़ा रहा। बिस्तर पर पड़े-पड़े मेरा वजन बढ़ गया। फिर मैंने दोबारा वजन कम किया।


# सीढ़ियों से गिरकर युवक की मौत



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भंवर नगर में गत दिनों घर की सीढ़ियों से गिरे 37 साल के युवक की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार सुभाष पंडोले पिता शंकर पंडोले (37) भंवर नगर छोला में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। उनका सिंग्लेक्स मकान है। वे मकान में अकेले रहते थे। गत 4 अप्रैल की शाम वह घर की छत पर जाने के लिए बने जीने (सीढ़ियों) से छत पर चढ़ रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ा और सीढ़ियों से नीचे गिर गए। सीढ़ियों से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। आसपास के लोग उन्हें भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार शाम उनकी मौत हो गई।

# शादीशुदा महिला से इंस्टाग्राम फ्रेंड ने किया दुष्कर्म




**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने 27 साल की महिला की शिकायत पर इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। साल 2022 में इंस्टाग्राम पर महिला की पहचान रजक नाम के युवक से हुई थी। पहचान दोस्ती में बदली और फिर मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इस बीच आरोपी ने महिला को शादी करने का झांसा दिया। जनवरी 2023 में पहली बार आरोपी ने जबरन महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर अलग-अलग समय और अलग-अलग जगहों पर कई बार दैहिक शोषण किया। बाद में आरोपी ने महिला को नजदअंदाज करना शुरू कर दिया। तंग आकर महिला ने अपने परिजन को सारा घटनाक्रम बता दिया। परिजन ही महिला को थाने लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सौतेले पिता पर दुष्कर्म का मामला दर्ज छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 18 साल की बारहवीं में पढ़ने वाले युवती ने अपने ही सौतेले पिता पर दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। उसने शिकायत में बताया कि उसका एक छोटा भाई है। उसके पिता मां से शराब के नशे में मारपीट करते थे। लिहाजा मां ने दूसरी शादी कर ली।

# आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी को ढाई पेज का शोकाज नोटिस जारी

**भोपाल।** आयकर विभाग की विंग ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर को ढाई पन्ने का शोकॉज नोटिस दिया है। विंग ने इसके साथ ही राजधानी के मेंडोरी में आयकर विभाग द्वारा जब्त किए गए 52 किलो सोने, 11 करोड़ 61 लाख कैश और इनोवा कार को बेनामी प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अटैच कर लिया है। इस प्रॉपर्टी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भी अटैच किया जा चुका है और कोर्ट में पेश चालान में इसका जिक्र किया गया है। आठ अप्रैल को ईडी द्वारा सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल पर पीएमएलए 2002 के अंतर्गत चालान पेश किया जा चुका है। इसके बाद अब आयकर विभाग की बेनामी विंग ने भी लंबे समय तक सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल के साथ की गई पूछताछ के बाद मेंडोरी में जब्त किए गए गोल्ड, कार और कैश को जब्त किया है। आयकर विभाग की बेनामी विंग ने यह संपत्ति जब्त करने के पहले सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर को बेनामी प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत शोकॉज नोटिस भी दिया है। इस नोटिस का जवाब दोनों ही आरोपी तीन माह के भीतर दे सकते हैं। सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर शोकॉज नोटिस मिलने के 90 दिन में अगर अपना जवाब पेश नहीं करते हैं।

## कोलार थाना क्षेत्र का मामला

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपती की हुई मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित मदर टैरेसा स्कूल के पास दो दिन पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से घायल दंपती की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है। पुलिस के अनुसार सुशीला वाल्मीकि पति सोनू वाल्मीकि (39) कजलीखेड़ा कोलार में रहती थी। सोमवार सुबह वअ पति सोनू के साथ बाइक से काम पर जाने के लिए निकली थी। मदर टैरेसा स्कूल के पास पहुंचते ही उनकी बाइक को सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाकर टक्कर मार दी। हादसे में सुशीला और सोनू को गंभीर चोट आई थी। दोनों को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार शाम सोनू की मौत हो गई, जबकि सुशीला का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार सुबह सुशीला की भी मौत हो गई।

हादसे के समय दूसरी बाइक पर था भांजा जिस समय हादसा हआ उस समय अन्य बाइक पर दीपक वाल्मीकि निवासी कजलीखेड़ा भी मौसा मौसी की बाइक से कुछ दूरी पर था। उसने बताया कि बोरदा जोड़ के पास मौसा की बाइक को टैःक्टर ने टक्कर मारी थी। वह अपने साथी भूरा को साथ लेकर अपने मौसा को आटो चालक की मदद से हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा था। हादसे के बाद से ही दोनों होश में नहीं थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अनुसार राकेश चंदेल (42) शिवनगर छोला मंदिर में रहता था ड्रायवरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं, जबकि पास ही बड़े भाई का परिवार रहता है। सोमवार की रात राकेश घर पहुंचा और खाना खाने के बाद सोने का कहकर चला गया था। मंगलवार सुबह उसका शव गाय बांधने वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन को बयान के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## नाले में मिला नवजात का शव, अंतिम संस्कार करने की बजाय नाले में फेंक आए थे परिजन



**भोपाल।** गांधी नगर स्थित अब्बास नगर में बुधवार सुबह एक नवजात का शव नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। जांच में पता चला कि हमीदिया अस्पताल में पैदा हुए मृत नवजात का अंतिम संस्कार करने की बजाए परिजन ने उसे गांधी नगर के एक नाले में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सूचना पर पुलिस ने अब्बास नगर नाले से एक नवजात बच्चे का शव बरामद किया। बच्चे के हाथ पर हमीदिया अस्पताल की पट्टी लगी थी। उसी आधार पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि अस्पताल में भर्ती एक महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। डॉक्टर ने महिला के पति और पिता को शव सौंप दिया था। उन लोगों ने दफनाने की बजाए नवजात के बच्चे को नाले में फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक ग्राम मगरोदा में रहने वाली गर्भवती महिला हमीदिया अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती थी। मंगलवार को महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे के पिता व नाना ने बच्चे को सुपुर्द खाक करने की बजाए अब्बास नगर पुलिया के पास नाले में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को बच्चे के हाथ में हमीदिया अस्पताल के नाम की पट्टी लगी मिली थी। उसी आधार पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले का खुलासा हो गया।

# पहलगाम घटना को लेकर युवक के नाम से कर दी पोस्ट

**पुलिस ने हिरासत में लिया तो हटा दी पोस्ट, मांगी माफी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोग आक्रोशित हैं और अपना गुस्सा सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यम से जता रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक फर्जी पोस्ट अपलोड किया गया, जिसमें पहलगाम में हुई घटना का मजाक बनाया गया। यह पोस्ट फ्रांस के किसी शख्स ने की थी। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर किसी दोतेश्वर रांची वाला नाम से पोस्ट किया गया था। पोस्ट में एक महिला लाश के पास बैठी हुई नजर आ रही है। साथ में लिखा है कि उठ जाओ आईपीएल में आरसीबी ने फाइनल जीत ली। इस पर फ्रांस के किसी जीशान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट का विरोध किया। पोस्ट का विरोध होने पर पोस्ट करने वाले दोतेश्वर रांचीवाला ने उक्त पोस्ट भोपाल के जीशान नामक युवक के नाम से कर दिया। जीशान कोतवाली में रहते हैं। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने कोतवाली निवासी जीशान को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसका मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उसके मोबाइल यह पोस्ट नहीं की गई है और उसे इस पोस्ट की कोई जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद पुलिस ने देखा तो सोशल मीडिया पर की गई दोतेश्वर रांचीवाला की टिप्पणी में माफी मांगी गई और पोस्ट को हटा दिया गया। पुलिस ने की एडवाइजरी जारी पहलगाम को लेकर भोपाल पुलिस ने एक एडवाइजरी भी जारी की है। डीसीपी क्राइम ब्रांच अखिल पटेल ने का कहना है कि लोगों से अपील है कि पहलगाम में हुई घटना को लेकर किसी भी तरह का भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न करे इसके अलावा अगर कोई ऐसी पोस्ट करता भी है तो तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें।



## टहलने निकले 71 साल के बुजुर्ग से मोबाइल झपटा

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित छत्रसाल नगर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने 71 साल के बुजुर्ग से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। घटना के समय वह रोज की तरफ शाम को टहलने निकले थे। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल थाने पहुंचकर की थी, लेकिन दो दिन बाद झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के अनुसार भवानी धाम कॉलोनी निवासी सुदर्शन शर्मा (71) रोजाना शाम को सैर करने के लिए जाते हैं। विगत 20 अप्रैल की शाम को भी वह इवनिंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान छत्रसाल नगर से गुजर रहे थे।

# नोटिस जारी किया तो संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी की कार में तोड़फोड़, ड्राइवर की तलाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में जीव सेवा संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की कार में ड्राइवर ने तोड़फोड़ कर दी। दरअसल, आरोपी संस्थान का ड्राइवर है और बिना बताए वह छुट्टी पर चला गया था। मुख्य प्रशसनिक अधिकारी ने उसे वाट्सएप पर कारण बताओ नोटिस भेजा तो वह भड़क गया और संस्था के प्रांगण में खड़ी कार में आरोपी ने तोड़फोड़ कर दी। इतना नहीं वह गालीगलौज करते हुए धमकी देने लगा कि प्रशासनिक अधिकारी को जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कृष्णकांत पुरोहित (64) अंकित परिसर नयापुरा कोलार में रहते हैं। वे बैरागढ़ के जीव सेवा संस्थान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हैं।

उनकी संस्था में चरणदास बैरागी निवासी कैलाश नगर ड्रायवरी का काम करता है। वह गत



2 अप्रैल से बिना बताए छुट्टी पर चला गया। करीब बीस दिन ऑफिस नहीं आने के कारण कृष्णकांत पुरोहित ने उसे 22 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस वाट्सएप पर भेज दिया।

इससे वह भड़क गया और दोपहर करीब तीन बजे संस्था प्रांगण में पहुंच गया। आरोपी ने पार्किंग में खड़ी कृष्णकांत पुरोहित की कार में सामने, पीछे और दाहिने तरफ की पीछे वाले गेट का कांच पत्थर मारकर तोड़ दिए थे।

वह गालीगलौज कर कृष्णकांत पुरोहित को जान से मारने की धमकी दे रहा था। कार में तोड़फोड़ और गालीगलौज वहां उपस्थित संस्था के ड्राइवर करन ठाकुर, धर्मेन्द्र कुमार, अजय लोधी ने भी देखी थी।




**मेट्रो एंकर** 6 साल की बच्ची का अपहरण, चाचा पर संदेह

# पुलिस कर चुकी आसपास के जिलों में तलाश, पर नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र से बंजारा समाज की 6 साल की बच्ची के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजन ने बताया कि वह रात में परिवार के साथ सो रही थी, लेकिन सुबह जब नींद खुली तो बच्ची बिस्तर पर नहीं मिली। परिजन ने दूर के देवर पर अपहरण का संदेह जताया है। दरअसल, दूर के रिश्ते में लगने वाला देवर घटना की रात उनके घर मेहमानी करने आया था। रात में वह उनके साथ ही था और सुबह वह भी बिना बताए चला गया। परिजन ने देवर पर अपहरण का संदेह जताया है। पुलिस के अनुसार कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के पास आकर रुके बंजारा समाज के परिवार की छह साल की बच्ची गत 4 अप्रैल को रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल की रात में बच्ची परिवार के साथ थी। उनका दूर के रिश्तेदार संतोष बंजारा आया था। रात में सभी ने खाना खाया और सो गए। 4 अप्रैल की सुबह परिजन की नींद खुली तो उन्हें बच्ची नजर नहीं आई। उन्होंने बच्ची की आसपास तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। इस दौरान संतोष बंजारा भी बिना बताए जा चुका था। अपने स्तर पर बच्ची की तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और बच्ची की तलाश की, लेकिन अब तब असफलता ही हाथ लगी। बच्ची के नहीं मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस बच्ची की तलाश कर रही है। साथ ही संदेही संतोष की भी तलाश कर रही है।

### इटारसी, राजगढ़, नागपुर में तलाश

पुलिस की टीम आसपास के जिलों में पहुंचकर बच्ची की तलाश कर चुकी है। संदेही संतोष बंजारा पूर्व में इटारसी, राजगढ़ और नागपुर में रह चुका है जिसके चलते पुलिस ने अपनी टीम राजगढ़ और इटारसी समेत नागपुर भेजी थी, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022